






हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### दोनों युवक को आई मामूली खरोच

पुलिस के अनुसार कार महाराष्ट्र पासिंग की थी। कार में दो युवक सवार थे। एक युवक कार ड्राइव कर रहा था। दूसरा युवक बगल की सीट में बैठा हुआ था। दोनों सीट बेल्ट लगाए हुए थे। सीट बेल्ट लगा होने की वजह से कार जैसे ही ट्रक से टकराई, कार का एयर बैग खुल गया। एयर बैग खुलने की वजह से दोनों युवक कार से सकुशल बाहर निकल गए, दोनों को मामूली खरोंच आई है। दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस राह चलते एक ट्रैक्टर के माध्यम से टो कर थाने लेकर गई।

हादसे के बाद लगा लंबा जाम, क्लीयर कराने पौन घंटा से ज्यादा लगा

## दो ट्रक-तीन कार के बीच टक्कर, एयरबैग खुलने से बाल-बाल बचे युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रिंग रोड-1 में दो ट्रक तथा तीन कार की टक्कर की वजह से पौन घंटे से ज्यादा समय तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जाम क्लीयर कराने पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत करने पड़ी। बताया जा रहा है, एक्सीडेंट की वजह से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शामिल होने गए कुछ मंत्री तथा विधायक जाम में फंस गए थे, लेकिन पुलिस ने इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस के मुताबिक पचपेड़ी नाका की तरफ से आ रही एक कार को पीछे से एक ट्रक ने हल्की ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने की वजह से कार चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया और वह दूसरी कार से जा टकराया। इसी बीच कार की टक्कर लगने से ट्रक ड्राइवर का ध्यान भटक गया और ट्रक ड्राइवर ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। इसी दौरान सामने चल रहे एक अन्य ट्रक के चालक ▸▸ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं को कोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में स्कूल में घुसकर नारेबाजी करने के आरोप में गिरफ्तार कांग्रेस नेताओं को बुधवार को जिला न्यायालय ने जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया है। गौरतलब है कि कृष्णा किड्स स्कूल प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई नेता हेमंत पाल तथा कुणाल दुबे के खिलाफ स्कूल में बलात प्रवेश कर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने तीनों नेताओं को मंगलवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया था।

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम में चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ 35 हजार रुपए



कीमत की लोहे की रॉड, कटर मशीन तथा अन्य सामान चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्राज्वल बिसेन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्राज्वल ने पुलिस को बताया है कि कांदुल रोड में उनका काम चल रहा है। सामान रखने के लिए साइड में एक अस्थायी गोदाम बनाया गया है। अज्ञात चोर गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखे लोहा रॉड के बंडल के साथ कटर मशीन तथा अन्य सामान चोरी कर ले गया।

### कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर।** कोतवाली थाना में एक व्यक्ति ने सोना-चांदी गलाई करने वाले कारोबारी के खिलाफ सवा करोड़ रुपए से ज्यादा की अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अमलीडीह निवासी आदित्य सोनी की शिकायत पर पुलिस ने दीपक सदाशिव ढोबले के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आदित्य ने पुलिस को बताया है कि सदाशिव ने उससे 17 सौ ग्राम सोना तथा 36 किलो चांदी निवेश करने पर रकम दोगुना करने का झांसा दिया था। इसी तरह से सदाशिव ने एक अन्य व्यक्ति से घर में रखे जेवर को उसके पास निवेश करने पर रकम दोगुना करने का झांसा देकर कुछ माह पैसा देने के बाद बाद में जेवर तथा पैसा देने से इनकार कर दिया।

### ट्रक चालक लाखों का लोहा चैनल लेकर फरार

**रायपुर।** उरला थाना में एक स्टील कारोबारी ने एक ट्रक चालक के खिलाफ 14 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का लोहे का चैनल लेकर फरार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अफजल अंसारी ने अमानत में खयानत करने की शिकायत दर्ज कराई है। अफजल ने पुलिस को बताया है कि उसने ट्रक चालक राकिब के ट्रक आरजे 52 जीए 8322 में 26 जून को कर्नाटक के लिए चैनल लोड कर निकला था, जिसे ट्रक चालक ने गंतव्य तक पहुंचाने की जगह अन्यत्र बेचकर अमानत में खयानत की है।

अलग-अलग राज्यों के लैब में भेजे गए थे सैंपल, पचास फीसदी फेल

# नामी कंपनियों के फूड सप्लीमेंट की जांच आधे मिसब्रांड, सेहत के लिए सही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**खास खबर**

शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के नाम पर कई नामी कंपनियां लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रही हैं। पिछले माह पांच जिलों से उठाए गए फूड सप्लीमेंट के पचास फीसदी सैंपल जांच में फेल हो गए हैं। सैंपलों को जिला स्तर पर जांच के लिए अलग-अलग राज्यों में भेजा गया था, जिसमें वे मिसब्रांड पाए गए हैं। अब संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर संबंधित प्रोडक्ट खरीदी का ब्योरा लिया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पहली बार बच्चों से लेकर बड़ों तक के शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए बाजार में बिकने वाले सप्लीमेंट्री फूड को जांच के दायरे में लाया था। इसके लिए रायपुर समेत पांच जिलों की दवा दुकानों में बेचे जाने वाले बेबी फूड, न्यूट्रास्यूटिकल, मल्टीविटामिन, प्रोटीन पावडर जैसे उत्पादों के करीब बीस सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए हैदराबाद, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के लैब में भेजा था। सूत्रों के अनुसार सैंपलों की प्रारंभिक रिपोर्ट विभाग को मिली है, ▸▸ शेष पेज 13 पर

### संबंधित दुकानदारों को जारी होगा नोटिस, मांगेंगे खरीदी की जानकारी

#### सप्लीमेंट्स फूड की जांच, दवा दुकानों से लिए गए सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले सप्लीमेंट्स फूड को पहली बार जांच के दायरे में लिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने चार जिलों की डेढ़ दर्जन दुकानों से इनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। दवा दुकानों के संचालकों से प्रतिबंधित दवाओं का लेखा-जोखा मांगा भी मांगा गया है। तर्क दिया जा रहा है कि अनियमित दिनचर्या और खानपान की वजह से शरीर में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। इसे दूर करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ▸▸ शेष पेज 13 पर

- प्रतिबंधित दवाओं का मांगा लेखा-जोखा, अनियमितता पर नोटिस की तैयारी

**खंगाल रहे दस्तावेज**

*दस्तावेजों की जांच के साथ सैंपल की रिपोर्ट में किसी प्रकार अनियमितता पाई जाती है तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।*

*- बसंत कुमार कौशिक, सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन*




#### इनके लिए गए थे सैंपल

दवा दुकानों से खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जीआरडी बिक्स प्रोटीन, सिगनुत्रा ग्रोविवा, पीडियास्योर, प्रोहन्स-डी डायबिटीज केयर, ऑस्ट्रो मल्टीविटामिंस सीरप, एटूजेड मल्टीविटामिन सीरप, जीनोविट मल्टीविटामिन कैप्सूल, स्टेविआ शुगर फ्री और मीन-जेड, मोकटल मल्टीविटामिन मल्टीमिनिरल्स सीरप, बेंफिसियल हेल्थ सल्पीमेंट, प्रोग्रेट प्रोटीन पॉवडर, एन्ड्रुरा मॉस वेट गेनर, लिक्योरिफिट न्यूट्रास्यूटिकल, पैक्ड क्यू -10 सीरप, पैक्ड बेस्ट प्रोटीन सप्लीमेंट प्रोटीपी, पैक्ड मल्टीविटामिन मल्टीमिनिरल्स, जिंसी टोटल हेल्थ नामक फूड सप्लीमेंट के सैंपल लिए थे।

#### विवेचना के बाद होगी कार्रवाई

पहली बार फूड सप्लीमेंट की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए सैंपल लिए गए। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रकरणों में दवा दुकानदारों से जानकारी लेकर मामले की विवेचना की जाएगी।

- **कुलदीप शर्मा**, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

#### पूरक आहार होने का जिक्र नहीं

फूड सप्लीमेंट पूर्ण आहार नहीं है, उनमें पूरक आहार होने का जिक्र किया जाना आवश्यक है। साथ ही संबंधित उत्पाद में मौजूद अवयवों की मात्रा का उल्लेख भी करना जरूरी है। जांच के दौरान इसमें अंतर पाए जाने वाले उत्पादों को लेबल डिफेक्ट की श्रेणी में रखा गया है। वहीं अपने उत्पाद की शुद्धता और असरकारक के दावे में अंतर वालों को मिसब्रांड के दायरे में रखा गया है।

#### ड्रग को फूड श्रेणी में लाने का खेल

सूत्रों के मुताबिक विटामिन, मिनरल, प्रोटीन औषधि के दायरे में आते हैं, मगर कई कंपनियां इसे फूड प्रोडक्ट के दायरे में बाजार में खपा रही हैं। खाद्य पदार्थ की श्रेणी में आने की वजह से इनकी तमाम मापदंडों पर जांच नहीं हो पाती और दवा बाजार के साथ इन्हें सामान्य दुकानों में भी बिना अवरोध के बेचा जाता है।

## परीक्षाओं से पहले दो बार टेस्ट दिलाएंगे छात्र, जिसमें अधिक अंक उसके नंबर जुड़ेंगे परिणाम में

- *पहला टेस्ट सितंबर में और दूसरा होगा अक्टूबर में, आंतरिक मूल्यांकन के अंक इसके आधार पर ही*
- *राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदलाव, कक्षा में उपस्थिति के भी मिलेंगे क्रेडिट अंक*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं के पूर्व दो बार टेस्ट दिलाना होगा। इन दोनों टेस्ट में से जिस टेस्ट में छात्रों को अधिक अंक प्राप्त होंगे, उसके नंबर आंतरिक मूल्यांकन के परिणाम के रूप में जोड़े जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है। जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, छात्रों को पहला टेस्ट सितंबर में देना होगा, जबकि दूसरा टेस्ट अक्टूबर में होगा। पूर्व में यह टेस्ट अगस्त और सितंबर में प्रस्तावित था, जिसे रिशेड्यूल किया गया ▸▸ शेष पेज 13 पर

#### सिलेबस जारी

केंद्रीय अध्ययन मंडल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वीकृत किए गए पाठ्यक्रम को रविवि द्वारा अपने वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। महाविद्यालयों को पूर्व में ही इसे प्रेषित किया जा चुका है। अब छात्र भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाए जाने वाले टॉपिक की जानकारी विवि के पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। अधिकतर महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष की नियमित कक्षाओं की शुरुआत 15 जुलाई से हो रही है।

#### आओ पहले-पाओ की तर्ज पर प्रवेश

सभी कॉलेजों की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है। जिनके नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में हैं, उन्हें 15 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। इसके बाद सीटों के निर्धारित आरक्षण समाप्त करके सभी के लिए प्रवेश विकल्प खोल दिए जाएंगे। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक महाविद्यालय रिक्त सीटों पर पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश होगा। इसके बाद 25 जुलाई से माह ▸▸ शेष पेज 13 पर

## दस ई बसें खरीदने का प्रस्ताव रद्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम अब 10 ई बसों की खरीदी नहीं करेगा। ऑनलाइन टेंडर में क्वालीफाई कंपनी का रेट ज्यादा होने और केन्द्र शासन से रायपुर शहर के लिए 100 ई बस मिलने के कारण ई बस खरीदी के प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया गया है। रायपुर नगर निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग मद से राजधानी में 32 सीटर 10 ई बसें खरीदने और 4 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने 20 करोड़ रुपये मिले हैं। रायपुर नगर निगम ने शहर के लिए 10 ई बसों की खरीदी के प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि ई बस खरीदी के लिए हुए ऑनलाइन टेंडर में रेट ज्यादा होने और केन्द्र की पीएम बस स्कीम में रायपुर ▸▸ शेष पेज 13 पर

- रेट ज्यादा, केन्द्र से शहर को मिल रही 100 ई बस इसलिए अब नहीं खरीदेंगे ई बस




#### दिल्ली की कंपनी हुई थी क्वालीफाई

*नगर निगम द्वारा 10 ई बसों की खरीदी के लिए किये गये ऑनलाइन टेंडर में आधा दर्जन कंपनियां शामिल हुईं। दस्तावेज जांच के बाद दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। बसों के रेट एप्रूवल का प्रस्ताव एमआईसी में मंजूरी के लिए आना था। इसके पहले ही निगम प्रशासन ने 10 ई बस खरीदी के प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया।*

*19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया*

## महादेव सट्टा एप मामले में एएसआई का मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू की टीम ने बुधवार को निलंबित एएसआई तथा जेल में बंद चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर जांच एजेंसी ने आरोपी को 19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करवा दिया। महादेव सट्टा एप मामले में दुर्ग के एक अन्य आरक्षक के राजनांदगांव के पास से गिरफ्तारी की सूचना है। हालांकि आरक्षक को हिरासत में लिए जाने की अब तक अधिकारिक पुष्टि ▸▸ शेष पेज 13 पर

- एक अन्य पुलिस आरक्षक को हिरासत में लिए जाने की सूचना



#### रानू की जमानत इसलिए खारिज

*बचाव पक्ष के वकील ने रानू साहू को जमानत का लाभ देने कोर्ट में कई तरह के तर्क प्रस्तुत किए, जिसमें रानू के सात साल के बच्चे का भी हवाला दिया गया। साथ ही ईडी द्वारा जो संपति राजसात की गई है, उनमें रानू के नाम की संपत्ति नहीं होने की बात का भी उल्लेख किया गया है। जांच एजेंसी के वकील ने कोर्ट को बताया है कि माइनिंग घोटाले की जांच अभी चल रही है। रानू का सूर्यकांत तथा रोशन सिंह के साथ लगातार संपर्क में होने की बात का उल्लेख किया गया है। ईओडब्लू के वकील ने कोर्ट को बताया कि रानू को जमानत देने से जांच प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद रानू की जमानत याचिका खारिज कर दी।*

#### रानू साहू को नहीं मिली राहत

माइनिंग घोटाला मामले में ईडी प्रकरण में जेल में बंद निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए सोमवार को अंतरिम जमानत देने का फैसला सुनाया है, ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू ने भी अपराध दर्ज किया है। ईओडब्लू द्वारा दर्ज अपराध के मामले में रानू साहू ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में जमानत आवेदन पेश की थी, जिसे विशेष अदालत ने बुधवार को खारिज कर दिया।

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश प्लेटफार्म पर गिरा, बच गई जान




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान युवक का पैर फिसल गया। सौभाग्य से वह प्लेटफार्म पर गिरा, जिसकी वजह से वह बाल-बाल बच गया। बेसुध हालत में उसे उपचार के आंबेडकर अस्पताल भेजा गया है और उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शाम के वक्त गोंदिया से रायगढ़ जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस प्लेटफार्म पांच से छूट गई थी। इसी दौरान एक युवक उसमें चढ़ने की कोशिश कर रहा था। बताया जाता है कि हड़बड़ी के दौरान उसका फैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा। सूत्रों के मुताबिक वह पटरी के बजाए प्लेटफार्म पर गिरा, जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया। उसे बेसुध हालत में इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल किया गया है। जीआरपी सूत्रों के अनुसार उसके पास टिकट नहीं मिला है। इसके अलावा उसकी हालत देखकर इस बात की आशंका जताई जा रही है कि वह नशे में था। घटना में उसके पेट में थोड़ी चोट आई है, जिसके लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। इस घटना को लेकर कुछ देर तक प्लेटफार्म पर हलचल मच गई। घटना की सूचना देने के काफी देर बाद जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा।

- बेसुध हालत में अस्पताल पहुंचाया, पहचान नहीं

बारिश के मौसम में कम हुए यात्री तो किराया भी घट गया

*दिल्ली को छोड़ बाकी प्रमुख शहरों के यात्रियों को राहत*

## अब जमीं पर उड़ान... ऑफ सीजन में दिल्ली छोड़कर कई शहरों का किराया दस हजार से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**अलग खबर**

हवाई सफर का ऑफ सीजन आने की वजह से फ्लाइट के यात्रियों को टिकट के दाम में भी राहत मिलने लगी है। दिल्ली को छोड़कर बाकी शहरों का किराया दस हजार से कम हो गया है। बारिश के मौसम में यात्रा करने वालों की संख्या कम होने की वजह से विमानन कंपनियों द्वारा एयर फेयर में भी गिरावट लाई जाती है। गर्मी यानी छुट्टियों के मौसम में बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं, इसकी वजह से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट का किराया अधिक होता है। इसके विपरीत बारिश के मौसम में यात्रियों की संख्या कम हो जाती है, जिसकी ▸▸ शेष पेज 13 पर

#### त्योहारी सीजन में लौटेगी भीड़

*अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी के अनुसार हवाई यात्रा करने वालों की भीड़ अब त्योहारी सीजन में लौटेगी। जुलाई से लेकर सितंबर तक बारिश का मौसम होता है। अक्टूबर से त्योहारों की शुरुआत होने के दौरान लोगों की आवाजाही बढ़ेगी। साल में दो बार यानी त्योहार और गर्मी की छुट्टियों में यात्रा करने वालों की संख्या अधिक होती है। इस सीजन के टिकटों की बुकिंग सितंबर के दूसरे सप्ताह से प्रारंभ हो जाती है।*



#### इस क्रम में घटे साप्ताहिक यात्री

| | |
|---|---|
| 10-16 जून | कुल 48750 |
| 17-23 जून | कुल 47560 |
| 24-30 जून | कुल 46438 |
| 1-7 जुलाई | कुल 46635 |



#### कोलकाता का फेयर 5 हजार से कम

*व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि अभी दिल्ली का किराया ही आठ से 13 हजार के बीच पहुंच रहा है। मुंबई जैसे शहर का टिकट 85 सौ से 9 हजार हजार के बीच मिल जा रहा है। कोलकाता के लिए रायपुर से नियमित रूप से तीन फ्लाइट चलती है, जिसका किराया 4800 से 62 सौ रुपए के बीच पहुंच चुका है। हैदराबाद का फेयर भी आठ से नौ हजार के बीच जा रहा है। वहीं रायपुर से भोपाल के बीच की यात्रा 6500 से भी कम खर्च में पूरी हो जा रही है।*

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### चोवाराम के निधन पर मंत्री और विधायकों ने शोक व्यक्त किया

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यवाहक केंद्रीय अध्यक्ष डॉ के के नायक के निर्देश पर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष स्व. चोवा राम वर्मा के निधन पर मनवा कुर्मी समाज में उनके दशगात्र कार्यक्रम तक सामाजिक शोक की घोषणा की है। इस दौरान दसों राज में बैठक व सामाजिक सम्मेलन आदि आयोजित नहीं की जाएगी। जिस राज में घटना के पूर्व बैठक नियत कर चुके हैं, तत्काल उसे रद्द करते हुए डा. घूबचंद बघेल जयंती 19 जुलाई के बाद आहूत करने का निर्देश दिए गए है। चोवा राम वर्मा के निधन पर उनके गृह ग्राम जरौदा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टंक राम वर्मा विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ,पूर्व विधायक देवजी पटेल सहित कई जनप्रतिनिधिगण, सभी राजप्रधान, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सहित अन्य समाज के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



### बिजली कटौती से रोपाई प्रभावित, किसान परेशान

**आरंग।** छत्तीसगढ़ में मानसून ब्रेक के कारण बड़े भू–भाग में सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है, जिसका कृषि पर व्यापक असर पड़ रहा है। सिंचाई पंपों का विद्युत सप्लाई शाम 5 बजे से देर रात तक कटौती होने से रोपाई का काम जबरदस्त प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि पंप के माध्यम से पहले तीन एकड़ सिंचाई होती थी, खेत सूखे होने के कारण एक एकड़ तक ही सिंचाई हो पा रही है। किसान नेता पारसनाथ साहू व गोविंद चंद्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भीषण सूखे को देखते हुए सिंचाई पंप के लिए की जा रही विद्युत कटौती पूरी तरह समाप्त कर अनवरत बिजली सप्लाई किया जावे, ताकि किसान अपना फसल बचा सके तथा रोपाई का काम समय पर पूरा कर सके। साथ ही बिजली के बढ़े दर को पूर्ववत कर बिजली बिल हाफ योजना जारी रखें, क्योंकि मंहगाई की मार झेल रहे किसान बढ़ी हुई दर से बिल पटाने अक्षम हो रहे हैं। बढी हुई दर तथा कटौती अकाल जैसी स्थिति में दुबर को आषाढ़ साबित हो रहा है।

### रक्तदान शिविर 13 को लगेगा

**आरंग।** श्रीराम ऑटोमोबाइल आरंग परिसर में 13 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से शिवाय कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड आरंग द्वारा एक अच्छी सामाजिक पहल करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह इस संस्थान का पहला रक्तदान शिविर होगा। कार्यक्रम का नाम शिवाय रेड रखा गया है। शिवाय कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित संस्थान है एवं श्रीराम ऑटोमोबाइल आरंग की सहयोगी संस्था है। ग्राहकों की अधिकतम सुविधा और साफ–सुथरे लेनदेन के साथ संस्था पूरे प्रदेश में कार्यरत है। आयोजक समिति ने बताया कि रक्तदान कार्यक्रम में संस्था के संचालक कर्मचारी एवं कोई भी आमजन स्वेच्छा से शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिवाय कैपिटल ने ऐसे और भी सामाजिक कल्याण के आयोजन भविष्य में और करने का निर्णय लिया है।

# सशिमं की मातृ गोष्ठी में सुवर्ण प्राशन एवं सेहत पर की चर्चा, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नेवरा-तिल्दा

यहां के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती मां सरस्वती एवं ओमकार के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सुवर्ण प्राशन प्रमुख श्रीमती मीना कुमारी रही। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांत प्रमुख श्रीमती हंसा राठी एवं विभाग समन्वयक श्री राम कुमार वर्मा जी रहे। अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती मीना कुमारी ने कहा- सुवर्ण प्राशन को पुष्य नक्षत्र में मंत्रो के समन्वय के साथ बनाया जाता है एवं इसका उपयोग भी पुष्य नक्षत्र में ही किया जाता है। पुष्य नक्षत्र में बच्चों को सुवर्ण प्राशन पिलाने से उनकी आयु, बुद्धि एवं बल तीनों ही चीजों में परिपक्वता आती है, बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता भी दूर हो जाती है ,वात पित्त एवं कफ की परेशानियां भी दूर हो जाती है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती हंसा राठी ने कहा- हमारा उद्देश्य सुवर्ण प्राशन के प्रयोग से पुरानी परंपराओं को पुनः जीवित करना है जिसके माध्यम से बच्चों का संपूर्ण विकास किया जा सके। तदुपरांत शिशु वाटिका की सह प्रांत प्रमुख श्रीमती उर्मिला कश्यप ने सभी माताओ को बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनकी शिक्षा से जुड़ी हुई कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई जैसे बच्चों को फास्ट फूड एवं जंक फूड से दूर रखा जाए। उन्हें सादा भोजन ही दिया जाए।

## पुष्य नक्षत्र में औषधि फायदेमंद



### बस्ता का बोझ न बढ़ाएं

बच्चों पर पुस्तकों का बोझ ना बढ़ाया जाए बल्कि उन्हें खेल-खेल में पढ़ना सिखाया जाये। अंत में समिति के संस्थापक सदस्य श्री दिलीप कुमार शर्मा जी ने माताओ का एवं अतिथियो का आभार ज्ञापित किया । इस कार्यक्रम में समिति के सदस्य गण अभिभावक गण एवं विद्यालय के समस्त दीदी एवं आचार्य उपस्थित रहे।

**शिक्षासत्र :** अदाणी फाउंडेशन के उत्थान कार्यक्रम में स्कूलों को कुर्सियां व अन्य सामग्री दी गई

# शाला प्रवेशोत्सव में 3000 बच्चों को मिले निःशुल्क बैग व अन्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा विकासखंड के शासकीय स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा 3000 बच्चों को स्कूल बैग एवं स्कूलों के अनुरोध पर शिक्षण सामग्री सहित 300 कुर्सियां व बेंच, स्पोर्ट्स किट इत्यादि का वितरण किया। वहीं क्षेत्र में बच्चों को स्मार्ट पढ़ाई कराने का जिम्मा भी अदाणी फाउंडेशन ने उठाया है। जिसके तहत पास के 10 गांवों रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, चिचोली, गौरखेड़ा, मुरा, ताराशिव, कोनारी, खम्हरिया एवं छतौद के उच्चतर और माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों में स्कूलों में 15 एलसीडी टीवी सहित स्मार्ट डिजिटल क्लास का पूरा सेटअप तैयार कराया है। अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर के गुणवत्ता पूर्ण और स्मार्ट शिक्षा सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा उत्थान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य नए शिक्षा सत्र में बच्चों का दिल से स्वागत एवं आह्वान कर बच्चे को नए शिक्षा सत्र में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ नई कक्षा में नए विषय और तकनीक के साथ नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होकर सुनहरा भविष्य गढ़ने में अग्रसर करना है।

- शासकीय स्कूलों में स्मार्ट पढ़ाई को बढ़ावा देने स्कूलों में तैयार किये एलईडी टीवी युक्त डिजिटल क्लास रूम

इस अवसर पर मनीष वर्मा सरपंच ग्राम ताराशिव, पुनीत राम साहू सरपंच ग्राम गौरखेड़ा, श्रीमती नूतन ध्रुव सरपंच ग्राम मुरा, पंचगण, जनपद सदस्य कंचन गायकवाड़, उपसरपंच पुष्पा साहू उपस्थित थे। वहीं अदाणी फाउंडेशन रायखेड़ा के कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, शैक्षिक कार्यक्रम संचालक प्रीति प्रजापति, सृष्टि रविंद्र, सिक्योरिटी हेड राजकुमार मंडल, शैक्षिक कार्यकर्ता मौजूद थे। स्कूलों को स्मार्ट पढ़ाई के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराए जाने पर जहां एक ओर स्कूल प्रबंधन ने अदाणी फाउंडेशन के प्रति अपनी खुशी जाहिर की है तो वहीं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा के इन संशाधनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में बड़ी भूमिका निभाने वाला बताया और इसके लिए अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।

# ताराशिव सड़क की पुलिया जर्जर, दुर्घटना की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत ताराशिव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंच मार्ग पर हाईवा या वजनदार ओवरलोड मालवाहकों द्वारा पुलिया को नुकसान पहुंचाया गया है । जिसके कारण से पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसमें उपयोग मे लाए गए सरिया स्पष्ट दिखाई दे रहा हैं।

उल्लेखनीय है कि इस मार्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताराशिव में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं काफी संख्या में पैदल एवं साइकिल से गुजरते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना काफी बढ़ गई है। बरसात का समय है ऐसे में रात में भी राहगीरों के लिए यह दुर्घटना को आमंत्रित करने वाला मौत को आमंत्रित करने वाला गड्ढा बन गया है ।

उल्लेखनीय है कि इस मार्ग में कुछ हाईवा चालकों द्वारा मुरम की सप्लाई इस मार्ग से की गई है जिस कारण से यह पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है ।शासन प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे पा रही है। जब तक किसी बड़ी अनहोनी ना हो जाए शासन की आंखे खुलने वाली नहीं है।



# देवी भागवत की कथा में महिषासुर वध का वर्णन

**आरंग।** ग्राम कुकरा में जारी श्रीमद् देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस कथावाचक पं. सच्चिदानंद पाठक न अपने मुख से जगत जननी जगदम्बिका का महिषासुर वध का वर्णन किया। उन्होने बताया कि मां दुर्गा ने किस प्रकार दुराचारी महिषासुर का अंत किया। साथ ही उन्होने मां दुर्गा के विभिन्न रूपो का दर्शन अपने कथा शैली से कराया। जिसमे मां पार्वती से कौशिकी कालिका काली का प्रादुर्भाव हुआ, जिससे धूम्र लोचन, चण्ड–मुण्ड, रक्तबीज, शुम्भ–निशुम्भ, दैत्यों का वध किया। कथा सुनने आस पास के ग्रामीण अधिक संख्या में शामिल हुए।

# राष्ट्रीय मिनी गोल्फ स्पर्धा में बच्चों ने कई मेडल जीते

**तरपोंगी।** तरपोंगी अंचल के उभरते प्रतिभाओं में युगांश वर्मा पिता खुमान सिंह वर्मा, सोनाक्ष निषाद, गुणवंश निषाद पिता उमेश निषाद, छत्तीसगढ़ से चैन कुमारी निषाद ऑफिशियल नेशनल रेफरी के लिए हुआ था। इंदौर में 9वी सब जूनियर राष्ट्रीय मिनीगोल्फ प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्त्व करने के लिए चुने गए थे।



इस नवोदित एथलीट मिनी गोल्फ में 30 जून से 3 जुलाई तक इंदौर में आयोजित हुआ था। जिसमेंअपने कौशल का प्रदर्शन किया सोनाक्ष निषाद डबल, मिक्स डबल में कांस्य पदक। युगांश वर्मा सिंगल, डबल में रजत पदक, कांस्य पदक हासिल किया। गुणवंश निषाद ने बेस्ट लिटिल प्लेयर का अवॉर्ड हासिल किया। छत्तीसगढ़ मिनी गोल्फ एसोसिएशन के सेक्रेटरी भूपेंद्र प्रसाद ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विरोध में कर्मचारी 18-19 को काली पट्टी लगाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां /कूंरा



नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ , छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा वेतन समस्या बनी रहती है प्रति माह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस हेतु नगर पंचायत कुंरा के समस्त अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से हड़ताल /आंदोलन किए जाने की अनुमति हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी ललित कुमार साहू को तीन बिंदुओं में जिला रायपुर कलेक्टर के नाम 9 जुलाई को सूचना पत्र सौंपा गया है । उन्होंने अपने पत्र में बताया है की 18 एवं 19 जुलाई को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के कर्मचारियों द्वारा दो दिवस काली पट्टी बांधकर शांति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे ।

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के अधिकारी / कर्मचारी 22 जुलाई को एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल करेंगे । 29 जुलाई को समस्त जिला में अनुमति प्राप्त होने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे जिसमे जिलास्तरीय आंदोलन में जिले से लगभग 200 अधिकारी / कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। इन्होंने यह भी कहा है कि उक्त हड़ताल अवधि में निकायों में सभी मूलभूत सुविधा चालू रहेंगे । ज्ञापन देने के दौरान अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर , इंजीनियर कमलेश साहू , मोबिन खान, पुष्पा सेन, रवि कुमार, ममता तिवारी, मनीष देवांगन, राजकुमार वर्मा , परस साहू , राधिका साहू सहित कूंरा नगरपंचायत के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे ।

## प्रदेश के 20 जिलों में औसत से कम बारिश, फसल की बोनी पिछड़ी

**रायपुर।** प्रदेश के 13 जिलों में अब तक औसत बारिश हो चुकी है, जबकि 20 जिलों में औसत से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अब तक प्रदेश में 8. 44 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो औसत से करीब 28 फीसदी कम है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा बारिश सुकमा जिले में हुई है। यहां 314.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं सबसे कम बारिश सरगुजा में 103.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है।

खरीफ फसल की बोनी मानसून की बेरुखी की वजह से कई जिलों में पिछड़ गई है। सिंचित क्षेत्रों में किसानों ने पहली बारिश के बाद खेत तैयार कर बोनी शुरू कर दी थी। अब बारिश न होने की वजह से बोनी में कमी आने लगी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 23.02 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

## राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास

**रायपुर।** केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा, राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा, लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नहीं आएगी।

**योग्य और दक्षिण विधानसभा से ही प्रत्याशी देने का आश्वासन**

# सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अब रायपुर दक्षिण का जीतना है चुनाव : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है। साथ ही योग्य और दक्षिण विधानसभा से ही प्रत्याशी देने का आश्वासन दिया है।

बैठक में करीब 150 लोगों को बुलाया गया था। उनसे रायपुर दक्षिण से योग्य प्रत्याशी को लेकर सभी से राय मांगी गई है। बैठक में आए करीब आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने दावेदारी भी जताई है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तैयारी को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अब हमको दक्षिण का चुनाव जीतना है। भाजपा सरकार की 6 माह की वादा खिलाफी दक्षिण के चुनाव में बड़ा मुद्दा है। दक्षिण के कांग्रेसजनों को उपचुनाव की चुनौती स्वीकार कर पार्टी का परचम लहराना है। रायपुर शहर कांग्रेस के सभी नेता बैठक में शामिल हुए थे। वहीं रायपुर दक्षिण के दावेदार भी बैठक में मौजूद रहे।



**ढेबर को प्रत्याशी बनाने समर्थकों ने की नारेबाजी :** बता दें कि रायपुर दक्षिण की बैठक से पहले ही दावेदारी की होड़ देखी गई। मेयर एजाज ढेबर के समर्थक नारेबाजी करने पहुंचे हुए थे।

**ये थे मौजूद :** बैठक में पारस चोपड़ा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कन्हैया अग्रवाल, ज्ञानेश शर्मा, सलाम रिजवी, सुबोध हरितवाल, अशोक राज आहुजा, गिरीश दुबे, बबीता नत्थानी, कृपाकांत पाठक, सुरेश शुक्ला, प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, अशोक बानी, नरेन्द्र ठाकुर, शारीक रईस खान, सुरेश ठाकुर, सतीश जैन, गंगा यादव, शेख नाजुमुद्दीन, आकाश शर्मा, नागेन्द्र वोरा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

### भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन की बनी रणनीति

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा, बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में चर्चा, केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर चर्चा, आसन्न नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा की गयी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, डॉ. शिव कुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, डॉ. प्रेमसाय सिंह, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल, धनेश पाटिला सहित कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# भाजपा सरकार ने स्थानीय लोगों का रोजगार छीनने जेम पोर्टल शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ियों से रोजगार छीनने के लिये जेम पोर्टल से खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करने का निर्णय लिया था, इससे राज्य के स्थानीय व्यवसायियों, युवाओं को रोजगार मिलता था।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने गुजराती व्यापारियों और प्रदेश के बाहर के भाजपाइयों को सरकारी सप्लाई में काम देने के उद्देश्य से जेम पोर्टल से खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया है। देशभर में जेम पोर्टल से सर्वाधिक सप्लाई गुजरात के व्यापारी करते हैं, यह निर्णय केन्द्र के दबाव में लिया गया है। इससे छत्तीसगढ़ियों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा, सरकार गलत बयानी कर रही है। सीएसआईडीसी के रेट कांट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में भ्रष्टाचार होता था, जबकि यह पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था थी तथा इसमें राज्य के व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि वह बताये सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट में कैसे भ्रष्टाचार होता था। स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनने के लिये तथा मोटा कमीशन वसूल करने के लिये सरकार ने जेम पोर्टल व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम महा वृक्षारोपण अभियान आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे जैव विविधता पार्क अटल नगर नवा रायपुर में होने वाले महावृक्षारोपण अभियान-2024 में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप करेंगे।



### आज जनदर्शन स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन गुरुवार 11 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग में बने उप सचिव

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा आज जारी आदेश के तहत कबीरधाम जिले में संयुक्त कलेक्टर के पद पर पदस्थ आलोक कुमार श्रीवास्तव को प्रशासनिक आधार पर वहां से स्थानांतरित कर छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग में उप सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है।

### रेट कांट्रेक्ट निरस्त करने से प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी

**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा सीएसआईडीसी के माध्यम से हुए रेट कांट्रेक्ट को निरस्त करने के फैसले का कड़ा प्रतिकार करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस फैसले से हजारों उद्योग बंद होंगे और लाखों श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इतने कम दिनों में भाजपा की सरकार ने हम ही सवारेंगे की अपने नारे के विपरीत हम ही बिगाड़ेंगे पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा की सीएसआईडीसी के रेट कांट्रेक्ट निरस्त करने का मतलब स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योग, प्रदेश की एमएसएमई यूनिट को खत्म करने जैसा हों सकता है। प्रदेश महामंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि, सरकार के इस फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर 11 जुलाई को उद्योग मंत्री से मुलाकात की जाएगी। सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करेगी तो व्यापार उद्योग जगत के लोगों के साथ हर स्तर पर विरोध करेंगे, इसके संबंध में कानूनी सलाह भी लेंगे।



### संजय नगर स्कूल में किया पौधारोपण

**रायपुर।** हिंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ग्राउंड संजय नगर में बुधवार को पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने पौधारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को संदेश दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल 'माँ के नाम एक पेड़' के तहत पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्षों के महत्व को हमें समझना होगा। वृक्षों से अनेक लाभ हैं। हमें न सिर्फ वृक्षारोपण करना हैं बल्कि उनकी देखभाल भी करनी है। कार्यक्रम में नासिर खान, अमीर बेग, मोहम्मद कासम, शेख फहीम, खलील, असलम खान, मिर्जा इजहार बेग, अबेदा बेगम, संध्या, रंजना, तसलीम, जासमीन, भारती साहू, निशा, रूकसार, गौसिया, महावेश, फिरदौस, तमेश्वरी, रामेश्वरी सहित शाला के छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

# एससी-एसटी, ओबीसी जाति छानबीन समिति का पुनर्गठन, फर्जी जाति प्रमाणपत्र के कई मामले हैं लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रस्थिति के प्रमाणीकरण के लिए बनी उच्चस्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का पुनर्गठन किया है। अब आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग के सचिव इस समिति अध्यक्ष होंगे। यह नई समिति फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामलों की जांच करे, इससे पहले ही राज्य में 267 फर्जी प्रमाणपत्र के मामले लंबित हैं। इससे संबंधित अधिकारी अभी भी नौकरी में हैं। बताया गया है कि समिति की रिपोर्ट के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे लेकर ये लोग बरसों से काम कर रहे हैं।

## सचिव स्तर के अधिकारी होंगे अध्यक्ष, फर्जी प्रमाणपत्र धारी अब भी हैं नौकरी में

### फर्जी प्रमाणपत्र से नौकरी के सैकड़ों मामले लंबित



राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का भले ही पुनर्गठन कर दिया है। लेकिन इससे पहले बनी छानबीन समितियों की जांच में सामने आए मामलों में अब तक महत्वपूर्ण कार्रवाईयां कम ही हो पाईं हैं। पूर्व में बनी समिति ने वर्ष 2000 से लेकर 2020 तक फर्जी, गलत जाति प्रमाण पत्र के कुल 758 प्रकरणों की जांच की थी। इनमें 659 प्रकरणों का जांच के बाद निराकरण करके बाकी 267 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए थे। इनमें सभी को बर्खास्त करने की सिफारिश हुई थी। कार्रवाई के लिए छानबीन समिति ने सिफारिश नियोक्ता विभागों को भेजा गया था। जानकार सूत्रों के मुताबिक इनमें 80 प्रतिशत कर्मी आज तक अपनी कुर्सियों में जमे हुए हैं।

### स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक फर्जी प्रमाणपत्र धारी

पूर्व में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने जिन विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र फर्जी, गलत पाए गए थे उनमें सबसे अधिक स्कूल शिक्षा के 44 प्रकरण थे। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग के 14, जल संसाधन विभाग के 14, समाज कल्याण विभाग के 1, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 15, वाणिज्यकर विभाग के 1, गृह विभाग के 7, ग्रामोद्योग विभाग के 12, ऊर्जा विभाग के 7, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग 4, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के 5, आदिमजाति और अनुसूचित जाति विभाग के 8, राजस्व विभाग के 7, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 9, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 8, महिला एवं बाल विकास विभाग के 4, उधा शिक्षा विभाग 3, कृषि विभाग के 14, नगरीय प्रशासन विभाग और वन विभाग के 5-5, सहकारिता विभाग के 3, लोक निर्माण विभाग एवं योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 2-2, पशुधन विभाग और मछलीपालन विभाग 6, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, जनसम्पर्क विभाग, आवास एवं पर्यावरण विभाग में एक-एक प्रकरण शामिल हैं।

### ये छानबीन वाली नई समिति

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने उच्चस्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का पुनर्गठन आदेश जारी किया है। इससे पहले फरवरी 2018 में समिति का गठन किया गया था। उस आदेश को अधिक्रमित करते हुए अब नई समिति काम करेगी। इस समिति में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव अध्यक्ष, संचालक लोक शिक्षण, संचालक भू-अभिलेख, आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, संचालक आदिम जाति अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा नामांकित दो विषय विशेषज्ञ सदस्य और संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सचिव होंगे।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव

# राजनीतिक प्रस्ताव में केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धि, राहुल गांधी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में राजनीति प्रस्ताव रखा गया। इसमें जहां मुख्य रूप से नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव है, वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहने पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इसी के साथ प्रस्ताव में केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख है।

कार्यसमिति में राजनीतिक प्रस्ताव प्रदेश संगठन के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने रखा। इसका समर्थन उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने किया। प्रस्ताव में बताया गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीके नेतृत्व में पार्टी ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जिसे दोहराना अन्य दलों के लिए सदियों में संभव नहीं होगा।

आज इस कार्यसमिति को न केवल तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने की प्रसन्नता है, बल्कि छत्तीसगढ़ समेत तीन बड़े राज्यों में भी ऐतिहासिक वापसी का गौरव भी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी तक की सबसे अधिक सीटें प्राप्त होने, अभी तक



का सबसे अधिक मत प्रतिशत पाने और विपक्षी दल से मत प्रतिशत में सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल करने यह कार्यसमिति आह्लादित है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ से 11 में से 10 सीट देकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने का भी संतोष यह कार्यसमिति व्यक्त करती है।

### मोदी की गारंटी को कर रहे पूरा

मोदी की गारंटी पर ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी मैदान में थी। इसके अलावा कांग्रेस की वादाखिलाफी, उसकी विफलता तथा उसके घोटालों के मुद्दे भी चुनाव में थे। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन मुद्दों को जनता तक ले जाने में जी तोड़ मेंहनत की। आज प्रदेश की भाजपा सरकार ने लगभग सात माह में मोदी गारंटी को पूरा करने का काम किया है। आगे भी जो वादे बचे हैं उनको पूरा किया जाएगा।

### कांग्रेस से किया झूठ बोलने का काम

कांग्रेस लगातार अपनी हरकतों से देश और लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक कह कर देश और सनातन समाज का अपमान किया है, इसी तरह उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन के के बारे में भी अनर्गल बयानबाजी कर हिन्दू भावना को आहत किया है। यह विस्तारित कार्यसमिति राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करती है कि हिन्दू हिंसक होते हैं। हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा के लिए विख्यात हिन्दू समाज को इस तरह अपमानित करने की जितनी निंदा की जाय, वह कम है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भी लगातार झूठ का महाजाल फैलाया था, संविधान पर झूठ। आरक्षण खत्म कर देने का झूठ। चावल बंद कर देने का झूठ। महतारी वंदन योजना समाप्त कर देने का झूठ। यह तक झूठ कि मोदी जीतेंगे तो आगे से चुनाव नहीं होंगे, यह झूठ। इन तमाम झूठों का पर्दाफाश कर भाजपा ने सतत जनता का विश्वास हासिल किया है। हाल के दोनों चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करती है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जा कर पार्टी की रीति-नीति, मोदी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को लेकर निकाय और पंचायत चुनाव में भी पार्टी कि जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं।

# केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने किया सकरी प्लांट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने बुधवार को राजधानी से लगे सकरी स्थित रामकी के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक रीसाइकिलिंग यूनिट और कंपोस्ट यूनिट की जानकारी ली। उन्होंने विगत वर्ष निरीक्षण के बाद कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने राजधानी पहुंचकर रायपुर नगर निगम के सकरी स्थित ठोस अपशिष्ट निष्पादन केन्द्र का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन सेनेटरी लैंडफिल साइट तथा कार्यरत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी की जानकारी ली। इस मौके पर सूडा के सीईओ शशांक पांडे, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी सहित रामकी की टीम मौजूद रही।

### तक्षशिला लाइब्रेरी में युवाओं से मिलीं संयुक्त सचिव

*केन्द्र सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस प्रणाली और मोतीबाग के पास स्थित स्मार्ट रीडिंग जोन सह लायब्रेरी तक्षशिला का अवलोकन किया। उन्होंने विश्वस्तरीय यातायात प्रबंधन इस प्रणाली के अंतर्गत सुरक्षा, स्वच्छता, अपराध नियंत्रण विषयक नवाचारों की सराहना की। तक्षशिला लाइब्रेरी में युवा प्रतिभागियों के अध्ययन की सुविधाओं के विस्तार की उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही युवाओं का मार्गदर्शन भी किया।*

# प्रदेश के 20 जिलों में औसत से कम बारिश, फसल की बोनी पिछड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 13 जिलों में अब तक औसत बारिश हो चुकी है, जबकि 20 जिलों में औसत से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अब तक प्रदेश में 8. 44 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो औसत से करीब 28 फीसदी कम है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा बारिश सुकमा जिले में हुई है। यहां 314.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं सबसे कम बारिश सरगुजा में 103.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है।

- सुकमा में अधिक और सरगुजा में सबसे कम बारिश

खरीफ फसल की बोनी मानसून की बेरुखी की वजह से कई जिलों में



पिछड़ गई है। सिंचित क्षेत्रों में किसानों ने पहली बारिश के बाद खेत तैयार कर बोनी शुरू कर दी थी। अब बारिश न होने की वजह से बोनी में कमी आने लगी है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 23.02 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में बारिश की स्थिति में सुधार होने पर खेती किसानी में तेजी आने की संभावना है।

### किसानों को 80 प्रतिशत बीज और 60 प्रतिशत उर्वरक वितरण


कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 200.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 9.04 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 7.85 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 13.68 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरुद्ध 12.80 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरुद्ध 8.61 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 63 प्रतिशत है।

# राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा, राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाए जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा, लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नहीं आएगी। दोनों बेहतर समन्वय से काम करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

### योजनाओं के लिए मिलेगी पर्याप्त राशि

उन्होंने बैठक में सुझाव दिया कि क्लिीन सिटी के तहत रायपुर को मिली 100 बसों का उपयोग नया रायपुर और रायपुर के बीच चलाने के लिए भी कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अंतर्गत लाइन-लॉस को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों, स्मार्ट मीटर की स्थापना, विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में विद्युतीकरण और बिजली उत्पादन के लिए कोयला की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने आवासन एवं शहरी कार्यों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय शहरी विकास मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### 50 हजार आवासों को प्राथमिकता से दें स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को धन्यवाद देते हुए कहा, कार्यभार संभालने के एक माह के भीतर ही वे यहां विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उनके सहयोग से राज्य में विकास की गति को तेज करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृति के लिए लंबित 19 हजार 906 आवास एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में एकत्रित आवेदनों के अनुरूप राज्य को पुनरीक्षित केन्द्रांश के साथ करीब 50 हजार आवासों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य में तेजी से काम हो रहे हैं।

## योग्य और दक्षिण विधानसभा से ही प्रत्याशी देने का आश्वासन

# सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अब रायपुर दक्षिण का जीतना है चुनाव : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है। साथ ही योग्य और दक्षिण विधानसभा से ही प्रत्याशी देने का आश्वासन दिया है।

बैठक में करीब 150 लोगों को बुलाया गया था। उनसे रायपुर दक्षिण से योग्य प्रत्याशी को लेकर सभी से राय मांगी गई है। बैठक में आए करीब आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने दावेदारी भी जताई है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तैयारी को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अब हमको दक्षिण का चुनाव जीतना है। भाजपा सरकार की 6 माह की वादा खिलाफी दक्षिण के चुनाव में बड़ा मुद्दा है। दक्षिण के कांग्रेसजनों को उपचुनाव की चुनौती स्वीकार कर पार्टी का परचम लहराना है। रायपुर शहर कांग्रेस के सभी नेता बैठक में शामिल हुए थे। वहीं रायपुर दक्षिण के दावेदार भी बैठक में मौजूद रहे।



**ढेबर को प्रत्याशी बनाने समर्थकों ने की नारेबाजी :** बता दें कि रायपुर दक्षिण की बैठक से पहले ही दावेदारी की होड़ देखी गई। मेयर एजाज ढेबर के समर्थक नारेबाजी करने पहुंचे हुए थे।

**ये थे मौजूद :** बैठक में पारस चोपड़ा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कन्हैया अग्रवाल, ज्ञानेश शर्मा, सलाम रिजवी, सुबोध हरितवाल, अशोक राज आहुजा, गिरीश दुबे, बबीता नत्थानी, कृपाकांत पाठक, सुरेश शुक्ला, प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, अशोक बानी, नरेन्द्र ठाकुर, शारीक रईस खान, सुरेश ठाकुर, सतीश जैन, गंगा यादव, शेख नाजुमुद्दीन, आकाश शर्मा, नागेन्द्र वोरा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

### भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन की बनी रणनीति

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा, बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में चर्चा, केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति पर चर्चा, आसन्न नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा की गयी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, डॉ. शिव कुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, डॉ. प्रेमसाय सिंह, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल, धनेश पाटिला सहित कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# भाजपा सरकार ने स्थानीय लोगों का रोजगार छीनने जेम पोर्टल शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ियों से रोजगार छीनने के लिये जेम पोर्टल से खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करने का निर्णय लिया था, इससे राज्य के स्थानीय व्यवसायियों, युवाओं को रोजगार मिलता था।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने गुजराती व्यापारियों और प्रदेश के बाहर के भाजपाइयों को सरकारी



सप्लाई में काम देने के उद्देश्य से जेम पोर्टल से खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया है। देशभर में जेम पोर्टल से सर्वाधिक सप्लाई गुजरात के व्यापारी करते हैं, यह निर्णय केन्द्र के दबाव में लिया गया है। इससे छत्तीसगढ़ियों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा, सरकार गलत बयानी कर रही है। सीएसआईडीसी के रेट कांट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में भ्रष्टाचार होता था, जबकि यह पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था थी तथा इसमें राज्य के व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि वह बताये सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट में कैसे भ्रष्टाचार होता था। स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनने के लिये तथा मोटा कमीशन वसूल करने के लिये सरकार ने जेम पोर्टल व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप



### कुलदीप निगम की जयंती पर कई स्थानों पर किया पौधारोपण

**रायपुर।** छत्तीसगढ राज्य बाल कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप निगम की 60वीं जयंती के अवसर पर माना कैंप स्थित कुलदीप निगम वृंदाश्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिसर में पौधारोपण और वहां निवास करने वालों बुजुर्गों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निगम ने बताया कि इसी दौरान प्रेस क्लब मोती बाग, बाल गृह माना कैंप और खुला आश्रय माना कैंप में भी पौधारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त उनके पैतृक गांव नर्रा जिला महासमुंद के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधारोपण किया गया। जयंती पर पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 60 फलदार पौधे रोपे गए, जिसमें अमरूद, जामुन, सीताफल, आंवला, मुनगा, बेल, कटहल शामिल है। इस अवसर पर बिमल घोषाल, प्रेस क्लब के कोषाध्यक रमन हलवाई, संयुक्त सचिव बमलेश्वर सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य मनीष वोरा, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश चौबे, नारायण भोई, प्रशांत शर्मा, प्रमोद ब्रह्मभट्ट, शमीम, प्रदीप डरसेना, पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव, नर्रा के प्राचार्य सुबोध तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, संगीता जग्गी अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### गुरु स्वामी टेऊंराम के जन्मोत्सव पर हुआ विशाल ब्राहमण भोज



**रायपुर।** गुरु स्वामी टेंऊँराम महाराज के 138 जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को विशाल ब्राहमण भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शैलेंद्र नगर स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में पिछले 40 दिन से चल रहे महाराज के जन्मोत्सव पर किया गया, जिसमें रायपुर शहर के लगभग 10 हजार ब्राहमणों ने भोज किया। इसके बाद ब्राह्मण देव को पखर प्रसादी, नगद दान, दक्षिणा के साथ सबको एक-एक छात्ता भी सेवा के स्वरूप में दिया गया। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि प्रेम प्रकाश आश्रम में पिछले सप्ताह रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 138 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में प्रेम प्रकाश आश्रम महिला मंडल, बालिका मंडली और प्रेम प्रकाश युवा मंडल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने आगे बताया कि आज शाम को 138 जोड़ो द्वारा सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद 138 केक का भोग और 138 व्यंजनों का भी भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली से भगत दीपक भी आ रहे हैं।

### नेहरू आर्ट गैलरी में अनुष्का के चित्रों की प्रदर्शनी आज से

**रायपुर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, रायपुर की अनुष्का चक्रवर्ती द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन गुरुवार को शाम 6 बजे मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा करेंगे। कु. अनुष्का चक्रवर्ती को बचपन से ही ललित कलाओं में रूचि रही है। उन्होंने एशियन एकेडमी अफ फिल्म एंड टेलीविजन यूनिवर्सिटी से बैचलर अफ फाइन आर्ट्स का कोर्स किया है। बंगीय संगीत परिषद, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय से पेंटिंग में डिप्लोमा कोर्स भी किया है। उन्होंने एएएफटी यूनिवर्सिटी में महिला दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एवं 74वें गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।

# वंदना आटो से यूनिवर्सिटी गेट तक बन रहा आदर्श रोड, डिवाइडर पर लोहे की ऊंची ग्रिल लगाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिवाइडर पर लोहे की ऊंची ग्रिल लगाने का काम शुरू, पाथवे भी बनेगा

स्मार्ट सिटी के अनुरूप शहर के मुख्य मार्ग के जीई रोड को सुंदर स्वरूप दिया जायेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 3.50 करोड़ रुपये खर्च कर इसे आदर्श रोड बनवाने में लगी है। अनुबंधित एजेंसी ने वंदना आटो से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय गेट के सामने तक की सड़क को भव्य बनाने का काम शुरू कर दिया है। लोहे की ऊंची ग्रिल डिवाइडर पर लगाई जा रही है, जिससे अब डिवाइडर फांदकर सड़क पार करना आसान नहीं होगा। ट्रैफिक सुरक्षा के लिहाज से इस बात का खास ध्यान आदर्श रोड में रखा जा रहा है।

राजधानी के जीई रोड की सुंदरता में जल्द निखार आयेगा। 2.6 किलोमीटर दायरे की सड़क का सौंदर्यीकरण कर इसे आदर्श सड़क का स्वरूप दिया जा रहा है। इसमें पैदल चलने वालों के लिए सड़क के दोनों ओर पाथवे बनेगा। केबल तारों को भूमिगत कर वायरलेस एरिया बनाने सड़क की खुदाई कर अंडर ग्राउंड केबिलिंग का काम अनुबंधित एजेंसी इन दिनों कर रही है। डिवाइडर के बीच ग्रिल पेंटिंग कर बीच-बीच में महापुरुषों के सुंदर चित्र का समावेश आदर्श रोड को आकर्षक बनाने किया जायेगा।

## 2.64 किलोमीटर की सड़क का सौंदर्यीकरण, लैंडस्कैपिंग कर देंगे भव्य रूप

### डिवाइडर के बीच नजर आयेगी हरियाली

डिवाइडर के बीच महापुरुषों के सुंदर चित्र के साथ आंखों को सुकून देने हरियाली लाने पौधारोपण किया जायेगा। यही नहीं, सड़क के दोनों ओर आकर्षक कलाकृति को स्थान देने की योजना है। जनजागरण का संदेश देने वाले स्लोगन सहित प्रेरक चित्र बनाने चित्रकारी कराई जायेगी। 3.50 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में डिवाइडर बनाते समय सड़क की चौड़ाई कम नहीं होगी, बल्कि जिन जगहों पर सिंगल डिवाइडर बना हुआ है, वहां डबल डिवाइडर बनाया जायेगा, ताकि जीई रोड से आने-जाने वालों को शहर का यह मुख्य मार्ग सुंदर लगे।



### ड्रेनेज सिस्टम होगा दुरुस्त

बारिश के समय मुख्य मार्ग की इस सड़क में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कराया जा रहा है। पूर्व में लगाये गये स्ट्रीट पोल पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था बनाई जा रही है।

### 6 माह की समय सीमा

शहर के मुख्य मार्ग की सड़क को आदर्श सड़क बनाने के इस प्रोजेक्ट की समय सीमा 6 माह तय की गई है। सड़क के दोनों ओर सुंदर लैंड स्कैपिंग कर थीडी पेंटिंग कराई जायेगी, ताकि यह सुंदर दिखे।

*- पीके पंचायती, जीएम टेक्निकल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## टिकरापारा में आरडीए बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने अफसरों ने की प्लानिंग

# आरडीए 52 साल पुरानी 96 बिल्डिंग को बनाएगा मल्टी स्टोरी, इसके ग्राउंड फ्लोर में बनेगी पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

52 साल से ज्यादा पुराने 96 फ्लैट बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने की प्लानिंग अब आरडीए ने की है। इसके साथ ही टिकरापारा स्थित कॉलोनी का कायाकल्प करने के लिए आरडीए के अफसरों ने 23 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले कॉलोनी में रहने वाले परिवारों से सहमति मांगी है। इसके बाद उन्हें वन एवं टू बीएचके फ्लैट में बिजली, पानी, नाली के साथ पार्किंग की सुविधा मिलेगी। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के बाद मेंटेनेंस की जिम्मेदारी फिर से समिति को दी जाएगी।

आरडीए की टिकरापारा में एक कॉलोनी ऐसी है, जिसके रीकंस्ट्रक्शन के लिए 52 साल बाद प्रक्रिया शुरू की गई है। अभी इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को प्रापर सुविधा नहीं मिल रही है, लेकिन नई मल्टी स्टोरी बिल्डिंग को सुरक्षा के लिहाज से बेहतर बनाने की तैयारी की गई है। यह प्लानिंग बिल्डिंग के बाहरी हिस्से की जर्जर स्थिति को देखते हुए की गई है। आरडीए सूत्रों ने बताया कि तीन साल पहले भी कॉलोनी का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए प्लानिंग की गई थी। तब कॉलोनी के परिवारों ने सहमति देने के बजाय चुप्पी साध ली थी। इससे निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। अब इसमें कॉलोनी के लोगों ने सहमति देना शुरू किया है। इसे देखते हुए अक्टूबर के बाद काम शुरू करवाने की तैयारी आरडीए के अफसरों ने की है।



### मल्टी स्टोरी में मिलेगी यह सुविधा

अभी कॉलोनी के लोगों को हर फ्लैट में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिल रही है। कॉलोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्री भी नहीं है। इतना ही नहीं, इसमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी ध्वस्त है। इसे देखते हुए आरडीए ने ग्राउंड फ्लोर के अलावा 8 मंजिला बिल्डिंग बनाने के लिए 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसमें वन एवं टू-बीएचके के करीब 150 लोगों के लिए फ्लैट बनेंगे। इसमें अटैच लेट-बॉथ के अलावा कॉलोनी का परिसर तैयार होगा। इसमें बिजली, पानी के साथ ही सीवरेज लाइन भी सिस्टमेटिक की जाएगी। इसके साथ ही फ्लैट में रहने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी।

### साढ़े 6 व 10 लाख जमा करना होगा

आरडीए सूत्रों ने बताया कि अब कॉलोनी की बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने से पहले वहां रहने वाले लोगों से सहमति बना रहे हैं। साथ ही जिम्मेदारों ने बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन करवाने के लिए वन बीएचके का साढे 6 लाख व टू-बीएचके का साढ़े 10 लाख रुपए डिमांड तैयार करने के बाद जिन्हें फ्लैट अलॉट किया है, उनके नाम से जारी किया है। अब कॉलोनी की समिति के माध्यम से लोग इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए सहमति देने के लिए आगे आ रहे हैं। इसे देखते हुए आरडीए ने 23 करोड़ से ज्यादा में रीकंस्ट्रक्शन के लिए प्लानिंग पर अक्टूबर के बाद काम शुरू करने का मन बनाया है।

### रीकंस्ट्रक्शन के लिए मांगी सहमति

पुरानी बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए वहां रहने वाले परिवारों से सहमति मांगी गई है। साथ ही वन एवं टू-बीएचके फ्लैट के लिए डिमांड भी दिया जा रहा है। नई बिल्डिंग में लोगों को सभी जरूरी सुविधा देने का प्लान तैयार किया गया है।

*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता आरडीए, रायपुर*

# बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों पर आज संगोष्ठी में होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- आयोजकों ने 15 दिवसीय अभियान की पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज में शाम 4 बजे किया गया है। इसके लिए पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स, प्रेस क्लब रायपुर एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय अभियान चलाया गया। बुधवार को पत्रकारवार्ता में अभियान के प्रणेता ललित सिंघानिया ने यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर विश्व में जनसंख्या दिवस के अवसर पर विविध आयोजन जन जागरूकता के लिए विश्वभर में किया जा रहा है। इस कड़ी में 55 शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 दिनों तक किया गया। इसमें 35 विद्यालयों में पोस्टर मेकिंग, चित्रकला के साथ ही 9 जुलाई को विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को मैक कालेज में संगोष्ठी के दौरान सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा जनसंख्या नियंत्रण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए एक जन गीत भी तैयार किया गया है। इसका लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा।

# आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी गेट में गड्ढे, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फंस रही गंभीर मरीजों को लाने वाली एंबुलेंस

गंभीर मरीजों के इलाज के लिए शुरू होते ही बंद पड़ी एल-2 ट्रामा योजना के अधूरे निर्माण के गड्ढे हादसे का कारण बन सकते हैं। इमरजेंसी गेट के सामने पानी भरे इन गड्ढों में एंबुलेंस फंस रही है। इसके अलावा छोटे वाहनों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है।

आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी समाप्त होने के बाद मरीजों को उपचार के लिए लाने आंबेडकर प्रतिमा वाले इमरजेंसी गेट का उपयोग किया जाता है।

दिनभर में यहां एंबुलेंस मरीजों को लाने ले जाने के लिए दर्जनों भर चक्कर लगाती है। अस्पताल के गेट के सामने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिसमें पानी भरने की वजह से एबुलेंस के पहिए फंस रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मरीजों की स्थिति के कारण कई बार आपाधापी की स्थिति होती है। ऐसे में ये गड्ढे हादसे का कारण बन सकते हैं। इमरजेंसी गेट के बगल में गंभीर मरीजों के इलाज के लिए ट्रामा का विस्तार किए जाने की योजना थी। इसके लिए दो बार वहां निर्माण कार्य शुरू किया और उसे कुछ दिनों में बंद भी कर दिया गया। संबंधित एजेंसी द्वारा इसके लिए तोड़फोड़ की गई थी।

काम रुकने के बाद गड्ढे पाटे गए, मगर उस स्थान को समतल नहीं किया गया। लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण वहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो हादसे का कारण बन सकते हैं।



# नाला सफाई में खानापूर्ति, तीन नालों में कचरा, प्लास्टिक मलबा जाम, निगम मुख्यालय तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में बारिश पूर्व बड़े नाले, नालियों की सफाई के मामले में नगर निगम फिसड्डी साबित हुआ है। अब तक दो राउंड की सफाई शहर के अलग-अलग इलाकों में जोन गैंग और निगम मुख्यालय के सेंट्रल गैंग की मदद से हो चुकी है। वहीं किराये की जेसीबी मशीन लगाकर जोन 3 इलाके के नालों की सफाई में टीम लगाई गई। इन सबके बाद भी शहर के 3 बड़े नाले प्लास्टिक, कूड़ा-करकट और पन्नियों से जाम हैं।

लोगों ने मौदहापारा के बड़े नाले, अमलीडीह कलर्स माल के पास बड़ा नाला और अवनि विहार के अरमान नाला की सफाई कराने निगम मुख्यालय तक शिकायत की है। वहीं महाराजबंध तालाब में गंदगी की भरमार और एसटीपी के आधे-अधूरे काम से भारी बदबू उठने लगी है।



### मौदहापारा का बड़ा नाला जाम

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित मौदहापारा मुख्य मार्ग स्थित बड़ा नाला प्लास्टिक, मलबा और कूड़ा करकट से पटा पड़ा है। इससे गंदे पानी का निकास बाधित हो रहा है। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने नाला सफाई को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि जोन के जेडएचओ को नाला सफाई कराने निर्देशित किया है। पूर्व में नाले की सफाई कराई गई थी, पर नाले में कचरा और प्लास्टिक के ढेर की वजह से निकास कार्य प्रभावित हो रहा है। इसकी जल्द सफाई कराई जायेगी।

### अरमान नाला में थर्माकोल प्लास्टिक बॉटल, जूते चप्पल

अवनिविहार के पास अरमान नाला में कीचड़ युक्त गंदा पानी के साथ थर्माकोल, प्लास्टिक की खाली बाटल, पुराने जूते चप्पल से लेकर प्लास्टिक की पन्नी, कैरीबेग और मलबा का ढेर लगा है। जन शिकायत के बाद ऐन बारिश के समय नगर निगम अब इस नाले की सफाई कराने जा रहा है। नाले के मुहाने पर जाम कचरे के ढेर को हटाने नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा जोन गैंग को सफाई में लगायेगा।

### 3 नालों में सफाई को लेकर मिली शिकायत

मौदहापारा के बड़े नाला, अमलीडीह क्षेत्र का बड़ा नाला और अरमान नाला को लेकर लोगों ने सफाई के संबंध में शिकायत की है। इसी तरह विपिन बिहारी सूर वार्ड के पीछे वाले हिस्से के नाले की सफाई दोबारा कराई जायेगी। संबंधित जोन के जेडएचओ को इसके लिए निर्देशित किया है।

*- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

### महाराजबंध तालाब के किनारे गंदगी का ढेर

महामाया मंदिर वार्ड स्थित शहर के ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब के पानी को साफ रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड करोड़ों रुपये खर्च कर तालाब में नाले, नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवा रहा है। 3 साल से चल रहा एसटीपी का काम अब तक पूरा नहीं हुआ। ऐसे में एसटीपी से लगे तालाब किनारे वाली जगह पर गंदगी और कचरे का ढेर जमा है। तेज बदबू से इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशान होने लगे हैं। वहीं महाराजबंध तालाब में शहर के नाले से आने वाला गंदा पानी रोकने का काम अधूरा होने से मुहाने पर कचरा जाम है। ऐसे में तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी सड़क पर ओवरफ्लो होकर बहते देर नहीं लगेगी।

## पेज 11 के शेष ...

### नामी कंपनियों के ....

जिसमें दस फूड सप्लीमेंट में मिस ब्रांड अथवा लेबल डिफेक्ट पाया गया है। इनकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद संबंधित दवा व्यापारियों को नोटिस जारी कर खरीदी से संबंधित तमाम जानकारी मांगी जाएगी और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### परीक्षाओं से पहले दो बार टेस्ट ....

है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुताबिक, 70 प्रतिशत अंक सैद्धांतिक परीक्षा के आधार पर तय होंगे, जबकि शेष 30 प्रतिशत अंकों का निर्धारण आंतरिक मूल्यांकन अथवा टेस्ट तथा प्रायोगिक कार्य व प्रोजेक्ट वर्क के आधार पर होगा। महाविद्यालयों ने अपने शैक्षणिक स्टाफ को इस संदर्भ में सूचित कर दिया है। टेस्ट के शेड्यूल के अनुसार ही नियमित वक्त पर कोर्स पूर्ण करने कहा गया है ताकि छात्रों का प्रदर्शन इसमें बेहतर हो सके। इसके अलावा इस सत्र से छात्रों को उनकी उपस्थिति के भी अंक प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों की उपस्थिति के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाएंगे। इससे कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

### आओ पहले-पाओ की ....

अंत तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जाएंगे। पूर्व में अगस्त मध्य तक का समय दाखिले के लिए तय किया गया था, लेकिन सितंबर में होने वाले टेस्ट को देखते हुए इसमें बदलाव किया गया है।

### दस ई बसें ....

शहर को 100 ई बसों मिलने की स्वीकृति के कारण ई बस खरीदी के प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता इमरान खान ने बताया कि ई बस के लिए प्राप्त राशि माइक्रो एक्शन प्लान के दूसरे पाइंट में खर्च की जायेगी। आईआईटी खड़गपुर ने शहर के एयरपाल्यूशन कंट्रोल के लिए सर्वे के बाद जो सुझाव दिया है, उसे रीप्लान करेंगे।

### महादेव सट्टा एप ....

नहीं हुई है। जांच एजेंसी ने किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है। किशन वर्मा को जांच ऐजेंसी ने कहां से गिरफ्तार किया है, इस बात का जांच एजेंसी ने खुलासा नहीं किया है। बताया जा रहा है, चंद्रभूषण द्वारा महादेव सट्टा एप से प्राप्त रकम की किशन को मैनेजमेंट करने की जिम्मेदारी दी गई थी। किशन वर्मा की ईओडब्लू के साथ ईडी को लंबे अरसे से तलाश थी। किशन वर्मा की गिरफ्तारी के बाद महादेव सट्टा एप से जुड़े अन्य लोगों की जांच ऐजेंसी आने वाले दिनों में गिरफ्तारी कर सकती है।

### अब जमीं पर .....

वजह से उन्हीं शहरों का टिकट कम दाम में उपलब्ध होने लगता है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार गर्मी के मौसम में दिल्ली मुंबई जैसे शहरों का किराया बीस से पच्चीस हजार रुपए तक पहुंच गया था, मगर पिछले कुछ समय से दोनों शहरों का टिकट चौबीस घंटे पहले आधे दामों पर मिल रहा है। इसके साथ जिन शहरों के लिए फ्लाइट की संख्या कम है, वहां का किराया भी पांच से छह हजार रुपए तक पहुंच गया है। पिछले पंद्रह दिनों से रायपुर एयरपोर्ट से आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी आई है और प्रति सप्ताह पचास हजार तक पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या घटकर 44-45 हजार तक आ गई है।

### // ईश्तहार //

**पत्र.क्र./ 10648/ न.पा.नि./जोन क्र. 10/ 2024 रायपुर, दिनांक 29.06.2024**
**नामंतरण प्र.क्र. 10648**
**वार्ड का नाम-52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446N00565 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SAJIT NAIR पिता/ पति श्री/श्रीमती G.U. K. NAIR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RAJSHREE GANGULI पिता/ पति श्री/श्रीमती LATE KAMLESH GANGULI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है । यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करे ।

**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर), जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा सेमिनार

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग में कार्य करने के लिए दी जाने वाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों का स्टेबलिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली मानसून संबंधित सावधानियां, स्टेशन कर्मचारी एवं गेटकीपर द्वारा सिग्नल का आदान-प्रदान, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग की जानकारी दी गई।

### आठ सौ बांडेड डाक्टर पोस्टिंग के इंतजार में

**रायपुर।** आचार संहिता की वजह अटकी पोस्टिंग आदेश के जारी होने का एमबीबीएस उत्तीर्ण छात्र अब भी इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 बैच के इन छात्रों ने पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से भी इस बारे में मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। उनका तर्क है कि आदेश जारी होने में होने वाली देरी की वजह से उन्हें अतिरिक्त समय तक अपनी सेवा देनी होगी। अभी पोस्टिंग नहीं होने की वजह से उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। अनुबंध सेवा प्रारंभ नहीं होने की वजह से उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन भी नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा इस मामले में शीघ्र ही आदेश जारी होने का आश्वासन दिया है।

### ब्यूटी पार्लर में चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक ब्यूटी पार्लर के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ब्यूटी पार्लर से नकदी 28 हजार, सीसीटीवी कैमरा डीवीआर तथा एसी आउटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रायल ब्यूटी पार्लर के संचालक अफसाना सैफी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसाना ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते फाल्स सीलिंग तोड़कर पार्लर के अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### वृंदावन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

# 8 सूत्रीय मांग, राज्य भंडार गृह निगम के कर्मचारी 15 से करेंगे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के राज्य भंडार गृह निगम में कार्यरत 2200 कर्मचारी 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारी नियमितीकरण, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 4 हजार रुपये की श्रम सम्मान राशि तत्काल प्रदान करने, निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए धरना देंगे।

क्रेडा के संविदा कर्मचारी, एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षक और पटवारियों तथा नायब तहसीलदार के बाद अब छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। संघ के प्रांताध्यक्ष नंदकिशोर नागपुरे, प्रांतीय महासचिव रितेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले दो माह से प्रबंधन के लिए हम चर्चा के लिए समय मांग रहे हैं, पर प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में कर्मचारी संघ ने 15 जुलाई से तूता में अनिश्चिकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों की हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण का काम प्रभावित होगा।

### नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन की तैयारी में

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के नगरीय निकायों में कार्यरत 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 2 सूत्रीय मांग को लेकर जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे का कहना है कि महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करा दिया है। इसके बाद भी लंबित मांगों को लेकर ध्यान नहीं दिये जाने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग में समस्त नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद कर निकायों से कर्मचारियों के खाते में सीधे वेतन भुगतान किया जाये। श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये तत्काल देना शुरू किया जाये।



- श्रम सम्मान की राशि 4 हजार रुपये देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग
- नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना, पीडीएफ के खाद्य वितरण का कार्य होगा प्रभावित

### प्रमुख मांग इस तरह

- छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल, कुशल और अकुशल कर्मचारियों से जिस पद पर कार्य लिया जा रहा है, उस पद का सृजन कर उस पद के विरूद्ध नियमितीकरण किया जाये।
- निगम में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग।
- नियमित कर्मचारियों का ईपीएफ भविष्यनिधि क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर स्थानांतरित किया जाये।
- श्रम अधिनियम 1948 के नियम को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में लागू करने की मांग।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये प्रदान की जाये।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाये। विभिन्न शाखाओं में रखे गये सुरक्षा गार्ड को तत्काल कार्य से पृथक किया जाये।
- कार्पोरेशन में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के निधन के बाद दाह संस्कार स्वरूप राशि 10 हजार प्रदान करने की मांग।
- छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में 1997 के बाद आज तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। इन्हें नियमित वेतनमान की राशि प्रदान की जाये।

महिलाओं द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत पर पुलिस अब तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी

# नया कानून में महिलाओं को जल्द न्याय का प्रावधान, झूठा वादा कर यौन संबंध तो सख्त सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नए कानून भारतीय नागरिक संहिता में महिलाओं तथा छोटी बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न तथा किसी अन्य प्रकार के अपराध के लिए व्यापक रूप से व्याख्या की गई है। नए कानून के तहत महिला संबंधित अपराध के लिए पुलिस को दो महीने के अंदर जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करना होगा। साथ ही महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

नए कानून की धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर किसी महिला को शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाता है, तो उसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। आरोपी को 10 वर्ष कैद के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि आईपीसी में शादी के झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा करना और पहचान छिपाकर शादी करने जैसी चीजों के लिए कोई साफ-साफ प्रावधान नहीं था। इस तरह के मामलों को आईपीसी की धारा 90 के तहत कवर किया जाता था, जहां झूठ के आधार पर ली गई सहमति को गलत माना जाता था। इस तरह के मामलों में आईपीसी की धारा 375 के तहत आरोप लगाए जाते थे।

### महिला संबंधित अपराध को लेकर जिले के अलग-अलग थानों में अब तक 11 प्रकरण दर्ज, ज्यादातर अपहरण के

#### समय पर मिलेगा न्याय

नए कानून में किसी भी तरह के अपराध में पीड़ित को तीन वर्ष के भीतर न्याय दिलाने का प्रयास किया गया है। साथ ही ई-शिकायत करने में तीन दिन के भीतर पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल करना होगा।



#### नए कानून के तहत जिले में 11 अपराध दर्ज

नए कानून बीएनएस 10 दिन पूर्व 11 जुलाई को लागू किया गया है। नए कानून लागू होने के बाद जिले के अलग-अलग थानों में 11 अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर अपराध नाबालिग के अपहरण का मामला शामिल है। दर्ज अपराध में सात प्रकरण अपहरण के हैं। शेष अन्य प्रकरण छेड़खानी तथा रेप का है।

#### *कानून के जानकारों का यह कहना है*

*एएसपी ललिता मेहर के मुताबिक नए कानून में महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध घटित होने पर उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रावधान किया गया है, साथ ही नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुराचार करने पर पीड़िता की अलग-अलग उम्र सीमा को हटाकर 18 वर्ष से कम कर दिया गया है, साथ ही आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।*

#### *अभिभावकों की उपस्थिति में बयान दर्ज*

*नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित 35 धाराएं बनाई गई हैं। सामूहिक बलात्कार के लिए आजीवन कारावास, नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के लिए मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास, यौन संबंध बनाने झूठे वादे करना, पहचान छिपाने जैसे अपराध के लिए नए कानून में अलग से उल्लेख किया गया है। महिला संबंधित यौन अपराध में पुलिस अब पीड़िता के अभिभावक की उपस्थिति में बयान दर्ज करेगी।*

#### पीड़िता को व्यापक सुरक्षा

जिला अभियोजन अधिकारी हिना यास्मिन खान के मुताबिक नए कानून में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के हितों का व्यापक स्तर पर ध्यान रखा गया है। महिला तथा बच्चों के प्राथमिक उपचार कराने से लेकर रेप की सजा में कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 60 दिन के भीतर चालान पेश होने के बाद 90 दिनों के बाद पीड़िता को उनके केस की प्रगति की अनिवार्य रूप से जानकारी देनी होगी। महिला तथा बच्चों को थाना आने में छूट प्रदान की गई है। उनके ऑडियो, वीडियो को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

#### पहली बार चेन स्नेचिंग के लिए कानून

लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक नए कानून में महिलाओं को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। चेन स्नेचिंग की ज्यादातर शिकार बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। आईपीसी में चेन स्नेचिंग को लेकर अलग से कोई कानून नहीं था। वर्तमान में चेन स्नेचिंग को लेकर कानून बनाया गया है। चेन स्नेचिंग में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

# दोपहर में फिर पड़े छीटें अब तीन दिन बाद के सिस्टम पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- राज्य में दस दिन में केवल 82 मिमी. बारिश

बारिश का मुख्य महीना माने जाने वाला जुलाई के दस दिन राज्य में केवल 82 मिमी. वर्षा हुई है और 29 प्रतिशत का संकट बरकरार है। शहर में दोपहर बाद फिर मामूली छींटे पड़े, अच्छी बारिश के लिए 13 जुलाई के बाद सक्रिय होने वाले सिस्टम पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी है, इसकी वजह से उत्तरी हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में भी इसी तरह की स्थिति बनी रही। राज्य में सर्वाधिक वर्षा शंकरगढ़, माकड़ी में पांच सेमी. दर्ज की गई थी। कल शहर में बारिश का प्रभाव अलग-अलग रहा, लभांडी में जहां बादल चार सेमी. तक बरस गए, तो शहर में एक सेमी. बारिश हुई और लालपुर में आंकड़ा 4.8 मिमी. तक पहुंचा था। इसके अलावा बस्तर के अधिकतर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई थी। बुधवार को भी शहर में सुबह के वक्त बूंदाबांदी और दोपहर बाद बादल हल्के रूप से बरसे, जिसका असर विपरीत रूप में हुआ और उमस वाली स्थिति से लोग परेशान होते रहे। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राज्य में 15 जुलाई के बाद माहांत तक वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। राज्य में अब तक 218.6 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत कम है। रायपुर में अब तक 185.4 मिमी. वर्षा हुई है।

# पुलिस भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 में 58 हुए पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- 370 में से 284 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे
- सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर की भर्ती प्रक्रिया चल रही

पुलिस विभाग में सूबेदार, एसआई, प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। लिखित परीक्षा में 370 अभ्यर्थी पास हुए हैं। पास अभ्यर्थियों की तकनीकी कारणों से मंगलवार की जगह बुधवार को कोटा स्थित स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में 284 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 58 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने में सफल हुए।

छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2021 के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रत्येक इवेंट में 60 अंक निर्धारित किए गए थे। इस प्रकार कुल-300 अंकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी, जिसमें भर्ती नियम के अनुसार कुल प्राप्तांकों का 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिये पात्र किया गया। सभी इवेंट में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त अंकों की जानकारी एवं कुल प्राप्तांक के आधार पर साक्षात्कार के लिये पात्र तथा अपात्र होने की जानकारी ग्राउंड पर ही दे दी गयी।

#### 15 जुलाई को साक्षात्कार

पुलिस भर्ती के लिए जिन 58 अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है, उन उम्मीदवारों का 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों का प्रवेशपत्र 13 जुलाई को पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। प्रवेशपत्र में उपस्थित होने समय के साथ स्थान तथा आवश्यक दिशा निर्देश का उल्लेख रहेगा।

# झूठे केस में फंसाने की दे रहे धमकी, पुलिस जांच व न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सिलतरा के कर्मचारी ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र की एक नामचीन फैक्ट्री में काम करने की सजा अब मुझे और मेरी पत्नी को भुगतनी पड़ रही है। सरिया की बिक्री में सौदा करते समय रेट में ज्यादा अंतर बताने का खामियाजा भुगतने और तीन लाख लेने के बाद अब संस्थान में काम करके प्रापर्टी बनाने का आरोप लगाते हुए दो महीने पहले डायरेक्टर ने दो अन्य के साथ मिलकर बंधक बनाकर मारपीट की। बल पूर्वक मेरी सारी प्रापर्टी की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली।

कुछ इसी तरह की जानकारी बुधवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोनू कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेरी फाइनेंस कराए गए दो सेकेंड हैंड ट्रक, मकान भी अपने नाम करवा लिया है। अब वाट्सएप के जरिए जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। धरसीवा थाना प्रभारी को मामले में लिखित शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की जांच एवं कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने बताया कि रायपुर में हमारा कोई नहीं है।

मुझे और मेरी पत्नी को लगातार धमकाया जा रहा है। मारपीट करके पहले मेरी जमापूंजी मुझसे छीन ली, अब जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। मैं पुलिस प्रशासन से मामले की जांच और न्याय दिलाने के लिए मांग करने के लिए आया हूं।

# छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधान को बनाएं सरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ कर, ब्याज और दंड बकाया निपटान नियम के प्रावधानों को सरल बनाने के सुझाव दिये।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रावधान को सरल बनाने इस तरह से सुझाव दिये। इस अवसर पर टेक्निकल टीम के सदस्य मुकेश मोटवानी, अधिवक्ता दयाल राजपाल, महेश शर्मा, युवा चैंबर महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा तिग्गा से की मुलाकात
- प्रावधान सरल बनाने दिये सुझाव


- सभी सर्किलों के लिए बकाया राशि की वसूली सूची विभाग द्वारा जारी की जाए।
- बहुत बड़ी संख्या में छोटी राशि के बकाया लंबित हैं, जिनमें डीलर उपलब्ध नहीं हैं। 1 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा वाले ऐसे बकाया को छूट के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है।
- नियम 5 में आवेदक को मांग नोटिस के साथ मूल्यांकन आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसमें शपथपत्र के साथ चालान की प्रमाणित प्रति भी आवश्यक है।
- मूल्यांकन आदेश और डिमांड नोट की मूल प्रति अपील, संशोधन या उच्च न्यायालय में दायर की जाती है। ऐसे मामले में प्रमाणित प्रति संलग्न करना संभव नहीं है। ऐसे में डीलर द्वारा स्वयं प्रमाणित आदेश प्रति, चालान स्वीकार किया जाये।
- शपथपत्र के प्रारूप में एक खंड जोड़ा जाना चाहिए कि "मैं या हम यह घोषणा करते हैं कि हमने कर विवाद को समाप्त करने के लिए ही कर निपटान की इस योजना के तहत आवेदन किया है।
- वाणिज्यिक कर अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर की शर्त को वापस लेने की आवश्यकता है, क्योंकि शपथपत्र आवेदक द्वारा शपथ के तहत दायर किया गया है।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित करने के लिए अधिसूचना जारी की जानी चाहिए।

## बिजनेस साइट

# डॉ. सतीश सूर्यवंशी 12 व 13 जुलाई को एमपीएम हॉस्पिटल में

**रायपुर।** प्रदेश के सुप्रसिद्ध व वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी, एमपीएम हॉस्पिटल, जगदलपुर में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एवं शनिवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना परामर्श देने आ रहे हैं।

ज्ञात हो कि डॉ. सतीश सूर्यवंशी लंबे समय से प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व में वह फोर्टिस एस्कार्ट में प्रिंसिपल कन्सल्टेंट थे। वर्तमान में वह एसएमसी हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर हैं। ह्रदय रोग से संबंधित सभी मरीज, जिन्हें सांस लेने में तकलीफ हो, बार- बार पसीना आता हो, सीने में जलन और दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह व अन्य ह्रदय संबंधी विकार से ग्रसित रोगी संपर्क कर सकते हैं।



- पूर्व में वह फोर्टिस एस्कार्ट में प्रिंसिपल कन्सल्टेंट थे

# प्रिज्म कंपनी का दिलीप पाण्डेय 15 तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

- शराब के लिए होलोग्राम बनाने वाली कंपनी का स्टेट हेड था
- ईओडब्लू ने दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की

शराब के लिए नकली होलोग्राम बनाने वाली प्रिज्म होलोग्राम सिक्यूरिटी प्राइवेट फिल्म के स्टेट हेड दिलीप पाण्डेय को ईओडब्ल्यू ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दिलीप की पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है। गौरतलब है कि मंगलवार को जांच एजेंसी ने दिलीप को गिरफ्तार किया है।


शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी का स्टेट हेड गिरफ्तार
नकली होलोग्राम के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी मिले

शराब घोटाला मामले की जांच कर रही राज्य की जांच एजेंसी पिछले दिनों धनेली स्थित एक खेत से अधजली हुई हालत में भारी मात्रा में नकली होलोग्राम जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पूछताछ कर रही है। इसी मामले की अगली कड़ी में जांच एजेंसी ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन में दबिश देकर नकली होलोग्राम बनाने के उपकरण समेत नकली होलोग्राम परिवहन संबंधी अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच एजेंसी ने दिलीप से पूछताछ करने कोर्ट से 15 दिनों की रिमांड की मांग की थी।

ईओडब्ल्यू द्वारा जारी बयान के मुताबिक वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रदेश की सभी डिस्टलरियो में नकली होलोग्राम सप्लाई किया गया है। स्टेट हेड होने की वजह से दिलीप को गिरफ्तार किया गया है। दिलीप पर आरोप है कि स्टेट हेड होने की वजह से वह होलोग्राम बनाने वाली कंपनी के मालिक विधु गुप्ता, शराब घोटाले का किंग पीन अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा एपी त्रिपाठी के संपर्क में रहा है।

# महंगाई के बाद भी ग्राहकों को मुफ्त सिम : बीएसएनएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- बीएसएनएल का किफायती प्री-पैड प्लान

एक तरफ टेलीकॉम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं महंगाई के बाद बीएसएनएल अब अपने नये ग्राहकों को नया सिम मुफ्त उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने किफायती प्री-पैड प्लान उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये हैं।

बीएसएनएल के उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है, देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर मोबाइल के प्री-पैड प्लान उपलब्ध करा रही है। जहां अन्य टेलीकाम कंपनियों ने अपने मोबाइल टेरिफ में बढ़ोतरी की है, वहीं बीएसएनएल इनके मुकाबले में 25 से 40 फीसदी तक सस्ते प्लान उपलब्ध करा रही है।

विदित हो, बीएसएनएल के देशभर में 1 लाख से अधिक 4जी टॉवर चल रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 4जी के करीब 300 बीटीएस लगाये जा चुके हैं। बाकी के काम प्रगति पर हैं।

02



सावन में संयोगों की झड़ी...

## एजूकेशन अपडेट

### फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई कराएगा रविवि, काउंसिलिंग आज से प्रारंभ



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई कराई जाएगी। बीते माह हुई कार्यपरिषद की बैठक में इस संदर्भ में निर्णय ले लिए गए थे। उच्च स्तर पर मंजूरी मिलने के बाद अब वर्तमान सत्र से एमएससी इन फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई विवि प्रबंधन द्वारा कराई जाएगी। इसके लिए विवि द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, काउंसिलिंग 11 जुलाई से प्रारंभ होगी। रविवि के कला भवन के यूजीसी कोचिंग सेंटर में प्रवेश संबंधित प्रक्रिया होगी। छात्रों को अपने मूल दस्तावेज सहित प्रवेश शुल्क संग उपस्थित होने कहा गया है। दाखिले मेरिट आधार पर होंगे। सेमेस्टर आधार पर इस कोर्स की पढ़ाई होगी, जहां छात्रों को फॉरेंसिक साइंस की बारीकियां समझाई जाएंगी।

#### अन्य अध्ययनशालाओं में भी प्रवेश प्रारंभ

रविवि की अन्य अध्ययनशालाओं में भी दाखिले संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। रविवि यूटीडी में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 19 से 21 जून तक परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा उपरांत परिणाम लगभग सभी अध्ययनशालाओं द्वारा जारी किए जा चुके हैं। अब यहां मेरिट आधार पर छात्रों को प्रवेश दिए जा रहे हैं। कई पाठ्यक्रम में सीट से अधिक आवेदन विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए थे, जबकि भाषा सहित कुछ पाठ्यक्रमों में सीट के बराबर आवेदन भी नहीं मिले हैं। प्रवेश पश्चात यहां नियमित कक्षाएं जुलाई अंत से शुरू हो जाएंगी।

## कैंपस इवेंट

### नन्हे बच्चों ने बनाई टीम अब करेंगे पौधों की रक्षा



**रायपुर।** जिले के गोगांव में संचालित स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय में भी शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्य उत्तरा ध्रुव ने शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करने के साथ ही स्टूडेंट्स को एक नई पहल करने के लिए प्रेरित किया। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें चॉकलेट एवं किताब दिया गया। इसके साथ ही वृक्षारोपण भी करवाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद नारद कौशल ने की। विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि अर्जुन साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टूडेंट्स द्वारा एकल एवं समूह नृत्य पेश किए गए।

#### परिजन भी जुड़े अभियान से

प्राचार्य ने बताया कि इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर विद्यालय परिसर में 300 से ज्यादा पौधारोपण किया गया। यह पहल बच्चों को पर्यावरण के प्रति सजग करने के लिए किया गया। स्टूडेंट्स द्वारा रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदार के लिए टीम बनाई गई है। इनके मार्गदर्शन में पौधों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्राचार्य उत्तरा ध्रुव ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के मेंबर्स, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ ही काफी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए।

## आराधना

### भक्ति तन से हो या मन से दोनों का मिलता है लाभ



**रायपुर।** सौभाग्यमति माता सहित समस्त आर्यिका संघ का डीडी नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आगमन हुआ। जैन मंदिर में सौभाग्यमति माता ने प्रवचन करते हुए कहा कि इस पंचम काल में जिनेंद्र, गुरू और जिनवाणी की भक्ति के लिए परिवार सहित बच्चों और सभी को प्रेरित करना चाहिए। भक्ति चाहे तन से की जाए या मन से की जाए, उसका लाभ अवश्य मिलता है। अकाम हो या सकाम कर्मों की निर्जरा तो होती ही है। एक बार जब भीतर से भक्ति उमड़ने लगती है तो फिर आप कितने भी व्यस्त हो, कहीं भी हों, जिनेंद्र देव के दर्शन, आराधना करने के लिए समय निकाल ही लेते हैं। आर्यिका रत्न द्वारा विशेष शांतिधारा कराई गई। इसके पश्चात नवधा भक्ति से आर्यिका संघ का पड़गाहन कर आहार कराया गया। दोपहर में संघ का विहार टाटीबंध के लिए हो गया, यहां से भिलाई में चातुर्मास करने के लिए वे विहार करेंगी।

#### रंगोली सजाकर स्वागत

माता ससंघ की भव्य आगवानी करने के लिए गाजे-बाजे के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में एनआईटी चैराहा मार्ग पर एकत्रित हुए। मार्ग में रंगोली आरती सजाई गई। आदिश्वर महिला मंडल द्वारा आर्यिका रत्न माता को शास्त्र भेंट किया गया। श्री दिगंबर जैन सेवा समिति डीडी नगर ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशेष शांतिधारा कराने का पुण्यार्जन दीपक, डॉली, मुस्कान, हर्षिल जैन एवं डॉ. मंजुला जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

## राज्य महिला आयोग की जन सुनवाई, रिश्ते निभाने की मिली सीख

# शादी के बाद पत्नी का खर्च उठाना पति की जिम्मेदारी, संपत्ति से अधिक महत्वपूर्ण रिश्ते, इससे ही जीवन बनता है खुशनुमा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई बुधवार को हुई। यहां पारिवारिक विवाद को आपसी सहमति से हल करने की कोशिश की गई। कई तरह के मामले इसमें सामने आए। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने राजधानी के प्रकरणों पर सुनवाई की। घड़ी चौक स्थित महिला आयोग कार्यालय में जनसुनवाई हुई। लगभग दो घंटे तक चलने वाली जन-सुनवाई में 15 से अधिक मामलों पर सुनवाई की गई। अध्यक्ष ने प्रत्यके व्यक्ति की समस्या को विस्तारपूर्वक सुनने के पश्चात न्याय किया। जिमसें अपनी समस्या लेकर पहुंचे लोग फैसले से संतुष्ट नजर आए।





**रायपुर।** जनसुनवाई के दौरान परिवारिक मामले अधिक देखने को मिले, जिसकी तुरंत सुनवाई की गई। डॉ. किरणमयी नायक ने प्रत्येक पक्ष को अपनी बात रखने के लिए नियमित समय दिया, जिसके बाद आयोग अंतिम नतीजे पर पहुंचा। विवाह के बाद घरेलू समस्या, जमीन व हिस्सा लेन-देन, महिलाओं पर प्रताड़ना जैस विभिन्न विषयों पर सुनवाई की गई। जानिए किस तरह की समस्याएं लेकर लोग पहुंचे और उनका क्या समाधान विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

### परिवारिक जीवन में सुधार

**समस्या :** राजधानी निवासी पति-पत्नी के मध्य घरेलू समस्या देखने को मिली। महिला ने कहा कि पति द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। वहीं पति ने बताया कि दो बच्चे होने के बाद भी बीते कुछ माह से पत्नी साथ नहीं रह रही है। बच्चों को देखने व बात करने नहीं दिया जाता है। साथ ही महिला को ससुराल बुलाने के बाद भी वह आने को तैयार नहीं होती है। दोनों परिवार की सहमति से विवाह कराया गया था। वर्तमान में पति कुछ काम नहीं करता। जिसके कारण पति-पत्नी और दोनों बच्चों का खर्च महिला की सास उठा रही है।

**समाधान :** अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा, विवाह के बाद पति की जिम्मेदारी होती है कि वह पत्नी का खर्च उठाए। स्वयं से कुछ कार्य करना प्रारंभ करें। महिला अपने दोनों बच्चों के साथ ससुराल रहने वापस जाएंगी।

### बैंक के कर्मचारी को फटकार

**समस्या :** एक निजी बैंक में व्यक्ति विशेष के नाम से लोन लिया गया, लेकिन इसकी जानकारी व्यक्ति को नहीं थी। बीते दिनों अन्य बैंक में बेटी के विवाह के लिए लोन का आवेदन जमा करने के दौरान उक्त बैंक में व्यक्ति के नाम से पहले ही लोन चल रहा है, इसकी जानकारी मिली। बैंक द्वारा उक्त व्यक्ति के नाम से 1 लाख 25 हजार 89 रुपए का लोन पहले से ही लिया गया है। इसके बाद बुजुर्ग जोड़े ने बैंक के कर्मचारियों से लोन संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने की मांग की।

**समाधान :** बैंक द्वारा लोन संबंधित पूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही कानूनी कारवाई के दौरान विभिन्न खर्च बैंक द्वारा किया जाएगा। लोन संबंधिक किसी भी प्रकार की जानकारी बुजुर्ग दंपत्ति को नहीं है। इससे संबंधित जांचकर बीते 10 दिनों में सूचित किया जाए।

### बेटा-बहू को हिदायत

**समस्या :** बेटा-बहू और माता-पिता का मामला सामने आया। बेटे ने कहा, घर की मरम्मत करने में मेरा 30 हजार खर्च हुआ। माता-पिता को छःमाह के भीतर उक्त राशि का भुगतान करना था, लेकिन उन्होंने नहीं किया। बुजुर्ग दंपत्ति ने कहा, बेटा-बहू को शादी के बाद रहने के लिए घर दिया गया है, लेकिन वह उस घर में नहीं रहना चाहते। बुजुर्ग होने के कारण छोटे बेटे के साथ रहना होता है, वह हमारा ख्याल रखता है।

**समाधान :** माता-पिता की सेवा बच्चों को करना चाहिए, जन्म देने वाले माता-पिता का ख्याल रखना बच्चों की जिम्मेदारी होती है। माता-पिता को अपने साथ रखें और उनकी जिम्मेदारी लें। कुछ रुपए के कारण माता-पिता से रिश्ता तोड़ना गलत है।

### संपत्ति के लिए उलझी जिंदगी

**समस्या :** शादी के बाद महिला के पति की मृत्यु हो गई। कुछ दिनों बाद महिला ने प्रेम विवाह कर लिया। महिला का दूसरा पति किसान है। महिला द्वारा पहले पति के पिता से जमीन की मांग की। ससुर के पास नजूल की जमीन है और वे कबाड़ का काम करते हैं। महिला अपने पहले पति के बच्चों को सास-ससुर को सौंपने तैयार नहीं थी। इसके अलावा पति के बीमा के पूरे पैसे भी महिला को ही मिले।

**समाधान :** महिला को समझाइश देते हुए पहले पति के पिता की आर्थिक स्थिति पर विचार करने कहा गया। महिला को बच्चों संग दूसरे पति संग सुखपूर्वक रहने और पहले पति के परिवार पर आर्थिक दबाव नहीं बनाने के लिए कहा गया।

महिलाओं के लिए रखी गई स्पेशल रेसिपी वर्कशॉप

## नास्ते और टिफिन में मिलेट्स को दें जगह, बच्चों को मिलेगा पोषण

**रायपुर।** महिलाओं के लिए खास तरह की वर्कशॉप बुधवार को रखी गई। इसमें उन्हें टिफिन सहित नास्ते के लिए रेसिपी तैयार करने की विधि बताई गई। न्यूट्रिशिल्प सेंटर में यह वर्कशॉप रखी गई। विशेषज्ञों ने महिलाओं के साथ हेल्दी डाइट रेसिपी साझा की। डॉ.शिल्पी गोयल द्वारा डायबिटीज व वेट मैनेजमेंट के लिए हेल्दी मिलेट्स रेसिपी बनाने की विधि बताई गई। इस अवसर पर पोहा, ढोकला, हांडवी, इडली बनाने की प्रक्रिया साझा की गई। इसमें मुख्य रुप से हरी सब्जियों के साथ मिलेट्स का प्रयोग किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के लिए हेल्दी डाइट रेसिपी की जानकारी देना रहा।



**मिलेट्स इडली-** मिलेट्स और उरद दाल को भीगाकर पीस लें। इडली सांचा में पकाने के बाद छोटे पीस में काट लें। मनपसंद सब्जियों को बारीक काटकर हल्का फ्राय कर कटे हुए इटली को मिला लें। यह लंबे समय तक सॉफ्ट रहता है और हरी सब्जियों के कारण हेल्दी भी होता है।

**मिलेट्स पोहा-** सादा पोहा से बेहतर मिलेट्स पोहा है। इसमें मिलेट्स के साथ हरी सब्जी, गाजर, प्याज, मटर, शिमला मिर्च, बिन्स का प्रयोग कर सकते हैं।

### घर पर बना सकते हैं ये व्यंजन

**मिलेट्स हांडवी-** मिलेट्स और उरद दाल को भीगाकर पीस लें। पैन में थोड़ा ऑयल और राई डालकर पीसे हुए पेस्ट को डाल दें। लो-फ्लेम में 5-10 मिनट पकाने के बाद पिज्जा की तरह स्लाइस में काट लें। यह बच्चों व बड़ों के लिए हेल्दी नास्ता है, जिसे टिफिन के लिए भी पैक कर सकते हैं।

## थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए साथ आए क्लब, 157 यूनिट रक्तदान



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डीवास और इनरव्हील के समर्थन और काश फाउंडेशन के सहयोग से छत्तीसगढ़ क्लब में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए रक्त एकत्र करना था, जिन्हें छोटे अंतराल में बार-बार रक्त की आवश्यकता होती है। अध्यक्षता सौरभ अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, निकिता सुराणा और स्वाति अग्रवाल ने की। शिविर में कुल 157 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के उपचार में सहायक होगा। प्रत्येक दाता को प्रशंसा प्रमाणपत्र और विभिन्न उपहारों के साथ-साथ रिफ्रेशमेंट भी दिए गए। पहले बार रक्तदान करने वालों को विशेष उपहार देकर उनकी योगदान की सराहना की गई। रक्तदान शिविर का वातावरण एक कार्निवल जैसा था, जिसमें लाइव संगीत संग अन्य गतिविधियां भी रखी गई थीं।

## पीएससी अभ्यर्थियों को मिले टिप्स, एग्जाम पैटर्न पर चर्चा

# गलतियों से सीखें, प्रदेश की संस्कृति एवं त्यौहार की जानकारी रखना जरुरी, साक्षात्कार में सर्वाधिक सवाल हॉबी से संबंधित

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय लाइब्रेरी द्वारा बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में मल्टी मीडिया रुप में आयोजित व्याख्यान में लगभग सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। व्याख्यान का मुख्य विषय सीजी पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी संबंधित जानकारी साझा करना रहा। इस दौरान व्याख्याता के रुप में डॉ.गीतेश अमरोहित ने उपस्थित प्रतिभागियों को मार्गदर्शित किया। व्याख्यान की शुरुआत छत्तीसगढ़ के इतिहास, भूगोल, संस्कृति एवं पुरातत्व, तीज-त्यौहार की जानकारी के साथ शुरु की गई। उन्होंने परीक्षार्थियों को टिप्स देते हुए कहा, अपनी गलतियों से सीखते चलें।



### सिविल जज परीक्षा के लिए केंद्र रायपुर व बिलासपुर में

*व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा के संदर्भ में पीएससी द्वारा अपडेट जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 3 सितंबर को व्यवहार न्यायाधीश प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर जिला मुख्यालयों में किया गया था। परीक्षा के अगले चरण में प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर चिन्हांकित किए गए आवेदकों के लिए परीक्षा का आयोजन रायपुर एवं बिलासपुर में किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की सूची पीएससी द्वारा पहले ही जारी की जा चुकी है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।*

हम सभी चित्रकूट जलप्रपात कहते हैं, जो कि गलत उच्चारण है। इसे चित्रकोट जलप्रपात कहा जाता है, प्रतियोगी परीक्षा के दौरान इस शब्द का प्रयोग किया जाता है। कार्यक्रम में लाइब्रेरियन माधुरी खल्को, लीलाधर साहू, शिव प्रसाद रावटे, चन्द्रशेर मुख्य रुप से उपस्थित रहे। डॉ. गीतेश ने युवा अभ्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी संबंधी कई टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमेशा प्रयास करें कि अपने हुनर और आदत के आधार पर कॅरियर का चयन करें।

### मिले इस तरह के टिप्स

- पीएससी एवं व्यापम परीक्षा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ का इतिहास, भूगोल, संस्कृति, पुरातत्व, तीज-त्यौहार की समझ होना आवश्यक है। यह एक प्रकार से स्कोरिंग विषयों में एक है।
- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान हमेशा 2 से 3 पुस्तकों से पढ़ाई करते रहें।
- देश-दुनिया एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी के लिए 2 से 3 अखबार रोजाना पढ़ें। इससे आपको शब्दों की समझ होती है और लिखने में मदद मिलती है। साथ ही विभिन्न विषयों की जानकारी मिलती है।
- इंटरव्यू के लिए न्यूज पेपर आपकी विषय सूची को पूर्ण करता है। पढ़ाई के दौरान अपने मनपसंद विषय की पूर्ण जानकारी रखें, जो आपको इंटरव्यू के दौरान सकारात्मक छवि निर्माण में मदद करेगा।
- इंटरव्यू में आपके रुचि या हॉबी के विषय में क्या-क्या प्रश्न पूछा जा सकता है, इस विषय पर अवलोकर कर, निरंतर तैयारी करते चलें।
- किसी भी विषयवस्तु को हल्के में नहीं लें। गहराई से अध्ययन करने से ही वर्तमान दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक किया जा सकता है।

## कैंपस लाइव

# नवप्रवेशी छात्रों को स्टेशनरी वितरण बेहतर प्रदर्शन करने किया प्रेरित




**रायपुर।** रोटरी क्लब द्वारा बूढ़ापारा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने 60 नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर उन्हें स्टेशनरी वितरित की। रोटरी अध्यक्ष नामो चन्द मोरयानी, चंपालाल साहू, प्रदीप गोविंद शितूत सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यों की जानकारी दी गई। स्टेशनरी वितरण के दौरान छात्रों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। वे प्राप्त सामाग्री से खुश नजर आए। बच्चों को नवीन शैक्षणिक सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### 'शाम-ए-गजल' 13 को

महफिल संस्था द्वारा शनिवार 13 जुलाई को शाम 7 बजे से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागृह में 'शाम-ए-गजल' का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रमुख दीपक गुणवंत व्यास के निर्देशन में प्रसिद्ध गजलों को 'महफिल' के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। तलत मेहमूद, मेहदी हसन, गुलाम अली, जगजीत सिंह, हरिहरन, पंकज उधास, तलत अजीज के अलावा बहुत से गायकों की सदाबहार गजलों पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गजलों के प्रति श्रोताओं को आकर्षित करना है। कार्यक्रम में गिरीश काले एवं सुशील गोल्हनी तबले पर, गुरजीत किबोर्ड पर, आदित्य कश्यप गिटार पर व शिव मिश्रा पैड पर सभी गायकों का साथ देंगे।

## सिटी लाइव

# नगर स्तरीय कैरम प्रतियोगिता 27 से महिलाओं के लिए 'मंगला गौरी स्पर्धा'



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा नगर स्तरीय दो दिवसीय कैरम स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 27 और 28 जुलाई को आयोजित किया जाएगा, जिसकी योजना बुधवार को मंडल की बैठक में बनाई गई। शहर के कैरम खिलाड़ी इसमें शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। बुधवार को क्रीड़ा समिति द्वारा त्रैमासिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई, जिसमें मंडल के सदस्यों ने विभिन्न कार्यों पर चर्चा किया। चर्चा में खेल समिति प्रमुख ओपी कटारिया, हेमंत मार्डीकर, मालती मिश्रा, सुधीर जाउलकर, पवन ओगले पल्लवी मुकदम, प्रगति ओगले, मीणा लोनकर, किरण इंगले उपस्थित रही।

### 27 जुलाई को कैरम स्पर्धा

मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया, दो दिवसीय कैरम प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपने कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच दिया जाएगा। जुलाई माह के अंतिम दिनों में महिलाओं के लिए 'मंगला गौरी स्पर्धा' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर की महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकती है। साथ ही 4 अगस्त को नगर स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। अगस्त के तीसरे माह में बैटल स्पोट्र्स डांस कंपीटिशन रखा गया है। स्पर्धा का संचालन महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में किया जाएगा। स्पर्धा से पूर्व ही मंडल के सदस्यों द्वारा तैयारी की जा रही है। विजेता खिलाड़ियों को उपहार स्वरुप सोने का सिक्का दिया जाएगा।

## इवेंट लाइव

# माइक हैंडलिंग और स्पीकिंग में अभ्यास से आती है दक्षता



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'एंकरिंग के विभिन्न आयामों की जानकारी एवं प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण' रहा। छात्रों को इससे जुड़ी तकनीक की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ.अकांक्षा दुबे रही। साथ ही महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.वीके अग्रवाल मौजूद रहे। डायरेक्टर अग्रवाल ने बताया, वर्ष 2006 से संस्थान में पत्रकारिता विषय का अध्यापन किया जा रहा है। महाविद्यालय से पढ़कर निकले अनेक छात्र देश और प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित मीडिया संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### छात्रों को होनी चाहिए रोजगार अवसरों की जानकारी

*कॉलेज के प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी देना रहा। वक्ताओं द्वारा एंकरिंग, पब्लिक स्पीकिंग, वॉइस ओव्हर, स्टेज एंकरिंग, माइक हैंडलिंग, समाचार वाचन एवं प्रभावी संचार के विषय में उपयोगी जानकारी दी गई। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ.अमित अग्रवाल ने बताया, कॉलेज परिसर में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए स्टूडियो उपलब्ध है। जहां रेडियो 'अग्रवाणी' का प्रसारण नियमित रुप से किया जाता है।*

## 29 दिनों का होगा सावन, ग्रह और नक्षत्र मिलकर बनाएंगे सभी सोमवार शुभ संयोग

# सावन में संयोगों की झड़ी... पूरे मास शुक्रादित्य, बुधादित्य नवपंचम, गजकेसरी, कुबेर व शश सहित कई योग निर्माण

शिवभक्तों को हर वर्ष सावन के महीने का इंतजार बेसब्री से होता है, क्योंकि सावन में शिव उपासना बहुत ही फलदायी मानी गई है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है, जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। इस तरह से सावन के महीना पूरे 29 दिनों का होगा। इसके अलावा इस बार सावन पर बहुत ही दुर्लभ संयोग बना हुआ है, दरअसल इस बार सावन महीने की शुरुआत पहले सोमवार से हो रही है और समापन भी सावन के सोमवार पर होगी।



रायपुर। 29 दिनों के सावन के महीने में कुल पांच सोमवार आएंगे। इसके अलावा सावन के महीने में ग्रहों, नक्षत्रों और योगों का कई तरह का शुभ संयोग भी बनने वाला है। सावन के पहले सोमवार पर प्रीति, आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बनेगा। सावन माह में ग्रहों के संयोग से शुक्रादित्य, बुधादित्य, नवपंचम, गजकेसरी, कुबेर और शश जैसे राजयोगों का निर्माण होगा।

### लगेगा कांवड़ियों का मेला

हर साल की तरह महादेव घाट स्थित हटकेश्व नाथ को जल अर्पित करने वालों का इस बार भी तांता लगने वाला है। इसे देखते हुए अब कांवड़ रखने के लिए स्टैंड बनाए जाएंगे। ऐसी मान्यता है कि किसी एक स्थान से संकल्प के साथ लिए गए जल को जब तक अर्पित न किया जाए, उसे जमीन पर नहीं रख सकते हैं। इस लिहाज से बंजारी धाम, बूढ़ेश्वर मंदिर सहित सभी शिवालयों में कांवड़ियों का मेला इस बार भी सजने वाला है। इसे देखते हुए मंदिर समिति एवं संत-महंतों ने व्यवस्था बनाने के लिए बैठकों का दौर प्रारंभ कर दिया है।

### जानिए... किस सोमवार, कौन से योग

#### *प्रथम सावन सोमवार : 22 जुलाई प्रीति और आयुष्मान सहित 4 योग*

इस बार सावन मास की शुरूआत 22 जुलाई, सोमवार से होगी। यानी इस बार सावन की शुरूआत ही सोमवार से हो रही है, जिसके चलते इसका महत्व और भी बढ़ गया है। इस दिन नक्षत्रों के संयोग से प्रीति और आयुष्मान नाम के शुभ योग बनेंगे। इसके अलावा सिद्धि और शुभ नाम के 4 अन्य योग भी इस दिन बनेंगे।

#### द्वितीय सावन सोमवार 29 जुलाई : चर और सुस्थिर सहित शुक्रादित्य योग

*सावन 2024 का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को रहेगा। इस दिन चर और सुस्थिर नाम के 2 शुभ योग दिन भर रहेंगे। इस समय कर्क राशि में सूर्य और शुक्र की युति रहेगी, जिससे शुक्रादित्य नाम का शुभ योग बनेगा। ये योग बहुत ही अधिक शुभ फल देने वाला माना गया है।*

#### तृतीय सावन सोमवार 5 अगस्त : सौम्य योग संग कर्क में सूर्य व चंद्र की युति

*सावन 2024 का तीसरा सोमवार 5 अगस्त को रहेगा। इस दिन सौम्य नाम का शुभ योग रहेगा। इस दिन सूर्य और चंद्रमा की युति कर्क राशि में बनेगा। चंद्रमा शिवजी के मस्तक पर विराजित है। इसलिए ये दिन शिव पूजा के लिए अति उत्तम रहेगा।*



#### चतुर्थ सावन सोमवार : 12 अगस्त पूरे दिन शुक्ल और ब्रह्म योग

*सावन 2024 का चौथा सावन सोमवार 12 अगस्त को है। इस दिन अष्टमी तिथि रहेगी। 12 अगस्त सोमवार को शुक्ल और ब्रह्म नाम के शुभ योग दिन भर रहेंगे, वहीं नक्षत्रों के संयोग से छत्र और मित्र नाम के 2 अन्य योग भी इस दिन रहेंगे।*

#### पंचम सावन सोमवार : 19 अगस्त शोभन, सिद्धि और शुभ नामक 3 योग

*सावन 2024 का अंतिम सोमवार 19 अगस्त को रहेगा। इस दिन रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा, इसी दिन सावन मास का समापन भी होगा। 19 अगस्त को शोभन, सिद्धि और शुभ नाम के 3 योग बनेंगे। सावन मास की पूर्णिमा होने के चलते ये दिन और भी शुभ रहेगा।*

# युवाओं ने रखा ओपन फॉर ऑल तंबोला लोगों को जोड़ने इसमें 17 तरह के खेल




जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल ने अनोखे अंदाज में मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल ने अपना आठवां स्थापना मनाया। इसके अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन श्री कृष्णा सिंधु चे रि टे ब ल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए सिंधु भवन परिसर देवेंद्र नगर में रक्तदान शिविर रखा गया। यहां 20 यूनिट ब्लड बच्चों के लिए कलेक्ट किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र जेसीआई टीम ने दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर यूथ टीम द्वारा ओपन फॉर ऑल तंबोला नाइट का आयोजन किया गया। इसमें बहुत से गेम्स कराए गए। 6 लाइन, अर्ली 8, कॉर्नर, पेयर सहित 17 तरह के गेम्स कराए गए। इसमें एलइडी टीवी एवं ब्रांडेड स्मार्ट वॉच सौम्या जैन ने ही जीता। अन्य खेलों में अलग-अलग प्रतिभागियों ने इनाम अपने नाम किए।

### नए सदस्यों संग साझा किए अनुभव

इस मौके पर नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। केक सेमेमनी भी रखी गई। अमिताभ दुबे, सागर सेठिया, पलाश जैन, आदित्य पारख सहित मौजूद रहे। पहली बार संस्था से जुड़ रहे युवाओं को विभिन्न जानकारियां दी गईं। वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अब तक के अनुभव बांटे और युवाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।




# सोलर पैनल व बैटरी पैनल के लिए महत्वपूर्ण है सेमीकंडक्टर

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सेमीकंडक्टर डिवाइसेज पर 7 दिवसीय कार्यशाला रखी गई है। यह कार्यशाला 10 जुलाई से शुरू होकर 16 जुलाई तक चलेगी। डीन अकादमिक डॉ.वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों को संक्षिप्त में बताकर सभी प्रतिभागियों को इससे सीखने मार्गदर्शन दिया। निदेशक डॉ. राव ने आज के समय में सोलर पैनल, बैटरी पैनल इत्यादि में सेमीकंडक्टर के प्रयोगों को रेखांकित किया और देश में इस क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य होने की बात कही। यहां छात्र सेमीकंडक्टर फिजिक्स, डिवाइस ऑप्टिमाइजेशन, फेब्रिकेशन टेक्नीक्स और वीएलएसआई डिजाइन पद्धतियों के बारे में जान पाएंगे।

### अच्छी ग्रोथ के लिए अच्छे डिजाइनर्स जरूरी

हैदराबाद यूनीवर्सिटी के प्रो. सम्राट साबत ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी ग्रोथ के लिए इस क्षेत्र में अच्छे डिजाइनर्स की आवश्कता है। साथ ही डिवाइस, सर्किट और सिस्टम के बीच की कड़ियों को समझाया। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए सेमीकंडक्टर आज के समय की मांग है। डॉ. सम्राट ने निकट भविष्य में सेमीकंडक्टर की मांग की संभावनाओं को देखते हुए भारत सरकार के इस क्षेत्र में निवेश करने की प्रशंसा भी की। इस कार्यशाला में प्रतिभागी हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस के साथ-साथ मौखिक ज्ञान और इंटरैक्टिव चर्चाओं में हिस्सा लेंगे।

# 'विकसित छग' पर निबंध लिखेंगे संपूर्ण राज्य के छात्र



**रायपुर।** प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच 'विकसित छत्तीसगढ़ : मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण द्वारा प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर विस्तृत निर्देश जारी किया गया है। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 18 जुलाई को होगा। मूल्यांकन कार्य उसी दिन पूर्ण करके विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ निबंध का चयन कर चयनित निबंध को जिला शिक्षा कार्यालय में भेजा जाएगा।

### जिला स्तर पर नियुक्त होंगे अधिकारी

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृतकाल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने देशवासियों का आह्वान किया है। सुझाव आमंत्रित करने यह प्रतियोगिता रखी जा रही है। जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामांकित करने का निर्देश दिया गया है, जो जिले कि समस्त शालाओं के सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन जिला स्तर पर करेंगे। विद्यालयों के श्रेष्ठ निबंधों का जिला स्तर पर मूल्यांकन 22 जुलाई को किया जाएगा। जिला स्तर पर मूल्यांकन कम से कम 3 विशेषज्ञों के पैनल द्वारा कराए जाने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ निबंध का चयन कर चयनित निबंध को जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## कार्नर न्यूज

## आंचल मिस और आयुष मिस्टर इवनिंग, संकायवार भी मिले टाइटल

# म्यूजिकल गेम्स के बाद डीजे पर छॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड के गानों पर थिरके, जूनियर्स ने दिया साथ





**रायपुर।** फेयरवेल पार्टी में छात्रों ने जहां जश्न मनाया, वहीं पुरानी बातें यादकर उनकी आंखें भर आईं। मौका था आईटीएम यूनिवर्सिटी में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए रखी गई फेयरवेल पार्टी का। मैनेजमेंट, लाइफ साइंसेज, आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, लॉ और होटल मैनेजमेंट के यूजी और पीजी स्टूडेंट्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। वीआईपी रोड स्थित हाइपर क्लब में यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट्स अफेयर कमेटी ने सीनियर्स स्टूडेंट्स की विदाई को यादगार बनाने यह कार्यक्रम रखा। म्यूजिकल गेम्स और डीजे पर छॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड के गानों पर सभी स्टूडेंट्स ने जमकर डांस करते हुए खूब एंजॉय किया। सीनियर्स का साथ जूनियर छात्रों ने दिया।

### ऑल राउंडर परफॉर्मेंस के लिए भी अवार्ड




मिस इवनिंग के खिताब से आंचल सोनी और मिस्टर इवनिंग के खिताब से आयुष शर्मा को सम्मानित किया गया। विभिन्न शिक्षण विभागों में आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट्स को मिस्टर एंड मिस फेयरवेल के खिताब से भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर ऑल राउंडर परफॉर्मेंस के लिए भी स्टूडेंट्स को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. अरिजीत गोस्वामी एवं प्रो. मोहम्मद फैसल खान द्वारा किया गया। दीप्ति मिश्रा, धृति पांडेय, हर्षित शर्मा, कैलाश सोनवाने, प्रो.यागवेंद्र सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों भी इसमें शामिल हुए।


## सिटी स्पोर्ट्स

### तृतीय राज्य स्तरीय कलरिपयत्तु में रायपुर का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलरिपयत्तु संघ के तत्वावधान में कोरबा जिला कलरिपयत्तु संघ द्वारा आदर्श नगर सामुदायिक भवन, कुसमुंडा, कोरबा में 06 जुलाई 2024 से आयोजित तीन दिवसीय कलरिपयत्तु खेल का समापन 08 जुलाई को हुआ। इस प्रतियोगिता में कोरबा और बालोद जिले के बीच प्रथम स्थान के लिए काँटे की टक्कर हुई। जिसमें प्रथम मेज़बान कोरबा, द्वितीय बालोद और तृतीय स्थान पर रायपुर टीम रही। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेने रायपुर के 24 खिलाड़ियों और 03 अधिकारियों का दल गया था जिसमे 15 खिलाड़ी, 02 अधिकारी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी, रायपुर के थे और 09 खिलाड़ी, 01 अधिकारी जुबेसा'स एकेडमी और श्री गुजराती स्कूल के थे। रायपुर को प्राप्त कुल 08 स्वर्ण, 09 रजत और 09 काँस्य पदक सहित कुल 26 पदक में विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने 06 स्वर्ण, 08 रजत और 08 काँस्य सहित कुल 22 पदक अर्जित किये। जबकि श्री गुजराती स्कूल और जुबेसा'स एकेडमी के खिलाड़ियों ने 02 स्वर्ण, 01 रजत और 01 काँस्य पदक सहित कुल 04 पदक जीते। उल्लेखनीय है कि रायपुर के खिलाड़ियों ने कलारिपयात्तु खेल के चुआदुक्कल, हाई किक, उर्मी, तलवार एवं ढाल, स्टिक, तलवार एंव तलवार, कुरुवादीपपयत्तु, फाइट तथा मैपयत्तु आदि इवेन्ट में भाग लिया और उल्लेखनीय सफलता हासिल की। रायपुर दल में बालिका वर्ग से दिव्या अग्रवाल-स्वर्ण, रजत,काँस्य (कुरुवादीप पयत्तु, तलवार, लांग स्टिक और मैपयट्टू), हंसा साहू-स्वर्ण, रजत, काँस्य (कुरुवादीपपयत्तु, तलवार, लॉन्ग स्टिक और मैपयट्टू), तोशी पाण्डेय-रजत (+65केजी फाइट) तथा समिधा अग्रवाल-स्वर्ण और काँस्य (मैपयट्टू और चुवादुक्कल) शामिल हैं। इसके अलावा अर्पिता अग्रवाल,पल्लवी साहू, शिवानी वर्मा, सरवरी सोनार, लीना यादव, यक्षिता रेड्डी, टिकेश्वरी साहू, लक्ष्मीनारायण, पारस चावल और अर्चित केशवानी क्वार्टर फाइनल तक पहुँचे लेकिन पदक जीतने में असफल रहे। इसी तरह बालक वर्ग में राजकुमार निर्मलकर-रजत और काँस्य (कुरुवादीपपयत्तु और तलवार), विनय यादव-स्वर्ण (+65 केजी फाइट),जागेश्वर डडसेना-रजत (+65 केजी फाइट), जय कुमार-रजत और काँस्य (कुरुवादीपपयत्तु और तलवार), आर्यन पटेल-स्वर्ण, स्वर्ण और रजत (चुवादुक्कल, मैंप्पयत्तु और तलवार & ढाल), विंध्य कुमार सोनी-रजत और काँस्य (तलवार एवं ढाल और हाई किक), अनुभव राज-रजत (हाई किक), अभय चंद्राकर-रजत (हाई किक),जय चंद्राकर-स्वर्ण और काँस्य (चुवादुक्कल और हाई किक) और पार्थ वर्मा-स्वर्ण (हाई किक) शामिल हैं। अधिकारीगण में अनीस मेमन, अमन यादव और अनिता चौहान शामिल हुए।

### क्रिकेटरों को मानसिक एकाग्रता के गुर बता रहे विशेषज्ञ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा खिलाडियों को मानसिक रुप से सदृढ, मजबूत एवं एकाग्र बनाने विशेष कार्यशाला 9 जुलाई से 12 जुलाई तक होटल हयात, रायपुर में जारी है। कार्यशाला में खिलाडियों के मार्गदर्शन एवं सलाह हेतु विख्यात मनोवैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ मंजुषा पोद्दार तथा योगेश विठलानी पुणे से विशेष रुप से आंमत्रित हैं। कार्यशाला में विभिन्न आयु श्रेणियों कुल 38 खिलाडी लाभ प्राप्त कर रहें हैं जिनमें 27 पुरुष तथा 11 महिला वर्ग की खिलाड़ी सम्मिलित हैं। विषेशज्ञों द्वारा सभी खिलाडियों को व्यक्तिगत रुप से उनकी समस्याएं एवं कमजोरियों को समझकर आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन तथा समाधान प्रदान किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स में साक्षी को कांस्य


**रायपुर।** राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई में किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर से कोलंबिया ग्लोबल स्कूल से सात खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों में साक्षी वर्मा ने 18 से 49 वर्ष, महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। 9 से 11 वर्ष बालिका वर्ग में कनिष्का वर्मा , 12 से 14 वर्ष बालिका वर्ग कनिष्का वर्मा व वीणा सिंग ठाकुर, 12-14 वर्ष बालक वर्ग में रुद्र सिंह ठाकुर, 15-18 वर्ष बालिका वर्ग में संस्कृति व राहिनी प्रसाद ने भी उत्तम प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी आगामी योगा वर्ल्ड कप दिसंबर 2024 (सऊदी अरब) के लिए चुने गये।



'इंटरमिटेंट फास्टिंग' अध्ययन की रिपोर्ट ने खड़े किए कई सवाल

# हद से ज्यादा 'उपवास' खतरा बन सकता है आपकी सेहत के लिए, रहें सावधान

वजन घटाने, कोलेस्ट्रॉल-शुगर को कंट्रोल रखने के लिए दुनियाभर में कई तरह की फास्टिंग का चलन तेजी से बढ़ा है। बड़ी संख्या में लोग 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' का रुख कर रहे हैं। ये उपवास का ऐसा तरीका है जिसमें निश्चित समय के दौरान पौष्टिक चीजों का सेवन करना होता है। उदाहरण के लिए अगर आप 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' कर रहे हैं तो 24 घंटे के दौरान 16 घंटे उपवास करने और करीब 8 घंटे में कुछ हल्का खाने की सलाह दी जाती है। हालांकि सभी लोगों के लिए इस तरह की फास्टिंग फायदेमंद हो ऐसा जरूरी नहीं है। हालिया अध्ययन में 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' को लेकर शोधकर्ताओं ने बड़ा दावा किया है। शोध में वैज्ञानिकों ने कहा, वैसे तो 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' को कई प्रकार से लाभकारी माना जाता रहा है, हालांकि यदि आपको हृदय रोग है और आप इस तरह का उपवास करते हैं तो ये जानलेवा जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि खुद से ही किसी प्रकार की फास्टिंग न शुरू करें। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर की सलाह पर ही किसी उपवास विधि को अपनाना चाहिए।





### इंटरमिटेंट फास्टिंग को लेकर शोध

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सम्मेलन में प्रस्तुत शोधपत्र ने 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया गया है कि जिन लोगों को हार्ट की समस्या है उनके लिए इस तरह का उपवास करना हृदय संबंधी मृत्यु खतरे को 91% तक बढ़ा देता है। 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' को लेकर किए गए अब तक के अध्ययनों के रिपोर्ट काफी विरोधाभासी प्रतीत होती है। पहले के शोध में कहा जाता रहा था कि फास्टिंग का ये तरीका इंसुलिन संवेदनशीलता, सूजन, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल जैसे हृदय रोगों के कारकों को कम करने में लाभकारी है, हालांकि हालिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस तरह की फास्टिंग हृदय रोगों से मौत के जोखिमों को बढ़ा सकती है।

### एएचए की रिपोर्ट की मुख्य बातें

सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्र के निष्कर्षों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पहले से ही कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार लोगों के लिए 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' के नुकसान हो सकते हैं। अध्ययन के मुताबिक ये हृदय रोग या कैंसर से पीड़ित लोगों में हृदय संबंधी मृत्यु का जोखिम भी बढ़ाने वाली ही सकती है। हृदय रोग से पीड़ित लोगों में फास्टिंग का ये तरीका हार्ट अटैक या स्ट्रोक से मृत्यु का जोखिम 66% तक बढ़ाने वाली हो सकती है। हालांकि अध्ययन की इस रिपोर्ट पर कई विशेषज्ञों ने आपत्ति भी जताई है।

### विशेषज्ञों ने जताई आपत्ति

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में चिकित्सा के प्रोफेसर और पोषण विशेषज्ञ क्रिस्टोफर गार्डनर पीएचडी कहते हैं कि ये निष्कर्ष समय से पहले और भ्रामक हैं। अध्ययन समूह में जिन लोगों को शामिल किया गया था उनमें पुरुषों, अफ्रीकी अमेरिकियों और धूम्रपान करने वालों की संख्या अधिक थी, जिनमें पहले से ही हृदय रोग और इससे मौत का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। प्रो. गार्डनर कहते हैं, इसके अलावा, जांचकर्ताओं के पास शिफ्ट वर्क, तनाव और अन्य डेटा की भी कमी है। ऐसे में सिर्फ इंटरमिटेंट फास्टिंग को ही मृत्यु के लिए जोखिम कारक नहीं माना जा सकता है।

### शोध की प्रमाणिकता पर सवाल

कनाडा के प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट और 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' पर किताब लिखने वाले डॉ जेसन फंग ने भी अध्ययन की रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाए हैं। वह कहते हैं, किसी खास आबादी के परिणामों के आधार पर ये निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। इसकी पुष्टि के लिए और अधिक अध्ययनों की आवश्यकता है। हालांकि एक बात जरूर है कि किसी फास्टिंग का तरीका सभी लोगों पर फिट हो ऐसा भी जरूरी नहीं है इसलिए बिना पूरी जांच और डॉक्टरी सलाह के ऐसे तरीकों को अपनाने से बचा जाना चाहिए।



## मौसम की वजह से नहीं जा पा रहे हैं जिम तो घर पर करें योगासन

सेहतमंद रहने के लिए योगा और एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल करना बेहद जरूरी है। आजकल लोग अच्छी सेहत की अहमियत को समझने लगे हैं और इसलिए, जिम में पसीना बहाकर मोटापे को कम करने और फिट रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन, बारिश के इस मौसम में गर्मी और उमस के बीच, कई बार जिम जाने का मन नहीं करता है। इसका असर हमारे फिटनेस रूटीन पर पड़ता है। अगर आप भी बिजी शिड्यूल या उमस के चलते, जिम नहीं जा पा रही हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको अपनी फिटनेस से समझौता करना होगा। घर पर रहकर भी आप वजन कम करने और हेल्दी रहने के लिए, एक्सपर्ट की बताई कुछ एक्सरसाइज को कर सकती हैं।

### बेली फैट कम करने के प्लैंक एक्सरसाइज




इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। आपको अपने शरीर को एक सीध में रखना है। अब हथेलियों और पैरों के पंजों पर दबाव डालते हुए अपने शरीर को ऊपर की ओर उठाएं। ऐसा करते हुए आपको प्लैंक पोजिशन में आना है। आपको अपने शरीर को एकदम सीधा रखना है। इस प्लैंक पोजिशन में आपको कुछ देर के लिए होल्ड करना है। इस एक्सरसाइज को आप घर पर आसानी से कर सकती हैं। वजन कम करने के लिए साइड प्लैंक भी फायदेमंद है। इस एक्सरसाइज को करने से बेली फैट कम होता है और पॉश्चर में सुधार होता है। इससे पेट की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है और लटका हुआ पेट अंदर होता है। कोर मसल्स में मजबूती और फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार के लिए भी यह फायदेमंद है।

### वजन कम करने के लिए करें एयर स्क्वाट्स

इस एक्सरसाइज को करने से बैलेंस में सुधार होता है और शरीर की चर्बी कम होती है।खासकर, हिप्स और जांघों की चर्बी कम करने में यह एक्सरसाइज फायदेमंद है। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधा खड़ी हो जाएं। अब पैरों को एक-दूसरे से कुछ दूर करें और हाथों को सामने की तरफ करें। अब हिप्स को पीछे की तरफ करें। आपको जमीन की ओर आते हुए कुछ इस पोजिशन में बैठना है जैसे आप कुर्सी पर बैठी हों। इस समय आपके शरीर का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह सीधा होना चाहिए। इस पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। इसके बाद नॉर्मल पोजिशन में आ जाएं और फिर इसे दोहराएं।



## घर पर तस्वीरें लगाएं सोच-समझ कर, बढ़ सकती हैं परेशानियां



घर में लगी हुई कोई भी तस्वीर आपके घर में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करती है, लेकिन वास्तु से जुड़ी कुछ ऐसी बातें हैं जिनका ध्यान रखते हुए ही आपको कोई भी फोटो लगानी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि यदि आपके घर की हर एक चीज वास्तु के नियमों के अनुसार सही स्थान पर रखी हो तो जीवन में खुशहाली आ सकती है। ऐसे ही घर में कुछ विशेष तरह की तस्वीर लगाने की सलाह दी जाती है।घर में लगी कोई भी तस्वीर आपके आस-पास सकारात्मक या नकारात्मक माहौल बनाने में मदद करती है। यदि आप सही दिशा में ये तस्वीरें न लगाएं तो आपको इसके नुकसान भी हो सकते हैं।

जब भी आप घर में अपनी या फैमिली की फोटो लगाते हैं तो इसके लिए एक निश्चित स्थान होना चाहिए। जैसे शादी की फोटो बेडरूम में लगाना अच्छा माना जाता है।अगर आप चाहें तो अपनी शादी की तस्वीर बेड के पीछे दक्षिण की दीवार पर लगा सकते हैं। आप पश्चिम दिशा में भी अपनी फैमिली फोटो लगा सकती हैं। वहीं आपको कभी भी उत्तर दिशा या पूर्व दिशा में फैमिली फोटो न लगाने की सलाह दी जाती है।

ध्यान दें कि आप जो भी फॅमिली फोटो लगा रहे हैं उसमें तस्वीर का बैकग्राउंड रेड, मैरून, पीला या नारंगी होना चाहोये। यदि फोटो का फ्रेम लकड़ी का बना होता है तो ज्यादा अच्छा माना जाता है। वास्तु की मानें तो आपको ऐसी तस्वीरों से बचना चाहिए जिसमें आपकी फोटो के साथ नदी, समुद्र या कोई सूखे जंगल दिखाई दे रहे हों।

एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी के अनुसार अनजाने में कई लोग घर में ऐसी तस्वीरें लगते हैं जिसमें समुद्र नजर आ रहा हो। जैसे हम अक्सर किसी समुद्र के किनारे की तस्वीर घर की दीवार पर लगाते हैं और उससे घर को सजाते हैं, लेकिन यदि हम वास्तु की मानें तो यदि आपकी फैमिली फोटो में बहता हुआ पानी दिखाई देता है तो ये आपके धन के व्यय को दिखाता है। ऐसी फोटो लगाने से आपका पैसा भी पानी की तरह बहकर घर से निकलने लगता है।

## मानसून में खट्टी चीजों को इन तरीकों से करें स्टोर, नहीं लगेगी फफूंद



बरसात में आपको गर्मी से राहत भले ही मिल जाए, लेकिन नमी के कारण अन्य परेशानियां होने लगती है। इसी नमी के कारण आपको चीजों को छूते हुए चिपचिपापन महसूस हो सकता है। मानसून में हवा में नमी के चलते खाने की चीजें जल्दी खराब हो जाती है। अचार, दही, इमली और खट्टे फल खासतौर से खराब हो जाते हैं या उनमें फफूंद लग जाती है।

ऐसे में यदि आपको स्टोरिंग के अमेजिंग टिप्स और ट्रिक्स पता हों, तो फूड आइटम्स खराब होने से बच सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे खट्टी चीजों को खराब होने से बचा सकते हैं।

खट्टे खाने की चीजों को स्टोर करने का सबसे कारगर तरीका एयरटाइट कंटेनर का इस्तेमाल करना है। ये कंटेनर नमी को खाने में घुसने और खराब होने से बचाते हैं। टाइट ढक्कन वाले कांच के जार अचार और फर्मेंटेड खाद्य पदार्थों को स्टोर करने के लिए आदर्श होते हैं। ध्यान रखें कि उपयोग से पहले कंटेनर साफ और सूखे हों।

### रेफ्रिजरेशन है जरूरी

मानसून के दौरान खट्टे खाने की चीजों को स्टोर करने के लिए रेफ्रिजरेशन बहुत जरूरी है। रेफ्रिजरेटर का ठंडा तापमान बैक्टीरिया और फंगस के विकास को धीमा कर देता है।

**अचारः** अचार को उनकी बनावट बनाए रखने और खराब होने से बचाने के लिए रेफ्रिजरेटर में स्टोर करें। सुनिश्चित करें कि अचार का जार कसकर बंद हो।

**दहीः** दही को ज़्यादा खट्टा होने या खराब होने से बचाने के लिए उसे फ्रिज में रखें। दही को साफ चम्मच से निकालें, ताकि उसमें कोई कंटेमिनेशन न हो।

**खट्टे फलः** संतरे, नींबू, संतरे, कीवी और अंगूर जैसे फलों को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए उन्हें फ्रिज के क्रिस्पर ड्रॉअर में रखना चाहिए।

### सिरका इस्तेमाल करें

सिरका एक एक नेचुरल प्रिजरवेटिव की तरह का करता है। यह मानसून में खट्टे खाद्य पदार्थों को स्टोर करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसका एसिडिक नेचर एक ऐसा वातावरण बनाता है जो बैक्टीरिया और फफूंदी के विकास को रोकता है।

## इन गलतियों से पढ़ाई में पिछड़ सकता है आपका बच्चा, ध्यान रखें

हर अभिभावक अपने बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए चिंतित होता है। वह बच्चे को अच्छे संस्कार, बेहतर शिक्षा देना चाहते हैं , ताकि बच्चा बड़ा होकर एक आदर्श नागरिक और एक सफल व्यक्ति बन सके। हालांकि कई बार माता पिता जाने-अनजाने बच्चे के परवरिश के दौरान कुछ ऐसी गलतियां कर जाते हैं, जिससे उनका बच्चा पढ़ाई से दूर भागने लगता है। माता पिता उसे पढ़ाने का प्रयास तो करते हैं लेकिन वह फिर भी पढ़ाई में पिछड़ने लगता है। अगर ऐसा आपके बच्चे के साथ भी हो रहा है कि वह पढ़ाई में पिछड़ रहा है तो पहले ये जानने की कोशिश करें कि कहीं आपकी परवरिश में कोई कमी तो नहीं। अपनी गलतियों को सुधार कर बच्चे को सही राह दिखा सकते हैं।

### प्रेरणा की कमी

बच्चे को पढ़ाई में प्रेरित करने की जगह माता-पिता का उन्हें जबरदस्ती पढ़ाना गलत है। अक्सर माता पिता बच्चे को डांटकर या डराकर पढ़ाई करने के लिए उकसाते हैं। इससे बच्चा पढ़ाई से डरने लग सकता है और पढ़ाई से दूर भागने लगता है। उसे पढ़ाई से दोस्ती करनी होगी न कि डरना चाहिए।

### अत्यधिक दबाव

अभिभावक अक्सर अपनी रूचि के मुताबिक बच्चों पर दबाव बनाते हैं। बच्चे की स्थित और पसंद



को समझने के बजाए उन पर अधिक दबाव डालने से बच्चा अपनी सीमाओं से बाहर जाने से डरने लगता है। वह पढ़ाई और परीक्षा को चुनौती नहीं, बोझ की तरह समझने लगता है जिससे उस की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### प्राथमिकताएँ समझना

कई बार अभिभावक यह समझते हैं कि सिर्फ अच्छे नंबर ही महत्वपूर्ण हैं, जिससे बच्चा पढ़ाई में दबाव महसूस करता है। इसके बजाय, उन्हें बच्चे के अच्छे अध्ययन की प्रेरणा देनी चाहिए। उन्हें प्रोत्साहित करें। टॉप करने पर फोकस नहीं, सीखने और समझने के लिए प्रेरित करें। ये समझें कि बच्चा पढ़ाई के साथ अन्य किन कामों में बेहतर है, उसे उसकी पसंद के काम भी करने दें।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' का ट्रेलर हुआ रिलीज, दर्शकों की बढ़ी जिज्ञासा

सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो



जानलेवा बन जाता है। एक डिजिटल फैमिली असिस्टेंट जिसे एआईए कहा जाता है। स्मार्ट होम को अगले स्तर पर ले जाते हुए, एक बार जब यूनिट और उसके सभी सेंसर और कैमरे उनके घर में इंस्टॉल हो जाते हैं, तो एआईए यह सब करने में सक्षम लगता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। इस हॉरर फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। ट्रेलर में कर्टिस और उसका परिवार अपने नए एआई असिस्टेंट को नेविगेट करते हुए दिखाई देता है। शुरुआत में उन्हें लगता है कि ये एआई असिस्टेंट हर काम जल्दी और ज्यादा करती है। खाने का ऑर्डर देने से लेकर बच्चों को कहानियां सुनाने तक वह घर के हर कामों में मदद करती है। वह सभी बिलों तक का भी ध्यान रखती है। मगर बाद में काम में गड़बड़ होने लगती हैं और एआई असिस्टेंट जानलेवा बन जाती है। साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' का निर्देशन क्रिस वीट्ज ने किया है। उन्होंने ही ये फिल्म लिखी है। वीट्ज, जेसन ब्लम और एंड्रयू मियानो ने इसका निर्माण किया है। फिल्म में वह हवाना रोज लियू, लुकिता मैक्सवेल, डेविड डस्टमलचियन और कीथ कैराडाइन भी फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## 'इंडियन 2' का इंतजार खत्म होने को, दर्शक कल करेंगे फैसला

फिल्म 'इंडियन 2' के रिलीज होने में अब कुछ ही घंटे बाकी है। कमल हासन के प्रशंसक एक बार फिर से उन्हें सेनापति के किरदार में देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर अभी तक टिकट खिड़की पर दर्शकों की उत्सुकता देखने को नहीं मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु में पहले दिन के लिए 1,173 शो के टिकटों की बिक्री हो रही है। हैरानी की बात यह है कि इनमें से अब तक



केवल 24 फीसदी की ही बुकिंग हुई है। बता दें कि फिल्म 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी। ऐसे में दो पहले भी 'इंडियन 2' को लेकर माहौल का ना बन पाना निर्माताओं के लिए चिंता का सबब बन सकता है। हिंदी और तेलुगु में तो स्थिति और भी चिंताजनक है। सैकनिल्क के मुताबिक, हिंदी में अभी तक 121 शो के लिए 124 टिकट की बिके हैं। वहीं, तेलुगु में 68 शो के लिए 405 टिकट बिके हैं। साफ है कि केवल तमिल दर्शकों के बीच ही फिल्म को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और वही टिकट खिड़की तक पहुंच रहे हैं। 'इंडियन 2' साल 1996 में आई 'इंडियन' का दूसरा भाग है, जिसमें कमल हासन ने दो भूमिकाएं निभाई थी। कमल को सेनापति के किरदार में देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते हुए देखा गया था और दूसरे पार्ट में भी उन्हें यही काम करते हुए देखा जाएगा। 'इंडियन 2' में कमल हासन के अलावा रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, समुथिरकानी, ब्रह्मानंदम और बॉबी सिम्हा समेत कई कलाकार परदे पर अभिनय करते हुए नजर आएंगे। इसका निर्देशन शंकर ने किया है ।

### भोजपुरी

## बॉलीवुड की हॉरर मूवी को टक्कर देने 'भूत' की बारी, आ गया ट्रेलर

भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए रोमांच और डर से भरी एक नई फिल्म 'भूत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का ट्रेलर देखकर लोगों को बॉलीवुड की फेमस हॉरर मूवी 'राज' की याद आ गई। 'इंटर 10 रंगीला' के



ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से आउट 'भूत' का ट्रेलर अपने डरावने सीन्स और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों में उत्सुकता जगा रहा है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफ़ताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं, जबकि लेखक और निर्देशक अवधेश मिश्रा हैं। वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'भूत' का ट्रेलर 3 मिनट 22 सेकेंड का है। ट्रेलर कमजोर दिल वाले बिल्कुल भी ना देखें, क्योंकि ये बहुत ही डरावना है। फिल्म जब रिलीज होगी, तब यह फिल्म दर्शकों को डर की एक नई परिभाषा गढ़ कर देगी। ट्रेलर में इस्तेमाल किए गए वीएफएक्स और साउंड इफेक्ट्स ने डर का माहौल बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। वहीं, कलाकारों ने अपनी दमदार एक्टिंग से इसे और भी डरावना बना दिया है। फिल्म की कहानी में कई ट्विस्ट और टर्न्स हैं, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेंगे। फिल्म निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया, ''भूत' को जल्द ही रिलीज किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितना धमाल मचाती है और दर्शकों को कितना डराने में सफल होती है।




श्यामल और भूमिका शोधन दो ऐसे भारतीय फैशन डिजाइनर हैं, जिनके काम को दुनिया मानती है। इस डिज़ाइन जोड़ी ने पिछले दिनों भारतीय परंपरा को ध्यान में रखते हुए अपने कलेक्शन पेश किए। जिसमें बेहतरीन तरीके से भव्य और पुराने दौर को जीवंत कर दिया। इनमें ब्रोकेड और कढ़ाई को अपने प्रत्येक गोल्ड, ब्लैक और रेड लुक में शामिल किया। इन कलेक्शन में तय करना मुश्किल था कि सलवार पर जटिल अलंकरण और पारंपरिक साड़ी पर आधुनिक मोड़ डालने वाले मोतियों की आकर्षक लड़ियों में किसे बेहतर माना जाए।

## बालों को धोने के दौरान न करें ये गलतियां

हर महिला चाहती है कि उसके बाल घने और लंबे हो क्योंकि लंबे और घने बाल महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। बाल लंबे और घने हो इसके लिए महिलाएं कई सारे केयर रूटीन फॉलो करती हैं लेकिन इसके बाद भी बालों से जुड़ी कोई न कोई समस्या बनी रहती हैं। आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर जानने चाहिए जिन्हें आप बाल धोने के दौरान फॉलो कर सकती हैं।

### बालों को रगड़ने से बचें

बाल स्वस्थ रहे इसके लिए बालों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। वहीं बालों को धोने के दौरान इन्हें रगड़ने नहीं बचना चाहिए। दरअसल, महिलाएं बालों को शैंपूसे धोते समय इन्हें रगड़ती हैं और इस तरह बालों को रगड़ने से स्कैल्प डैमेज हो सकती है। स्कैल्प के डैमेज होने से जहां बाल कमजोर होगे तो वहीं बालों के टूटने की समस्या भी पैदा हो सकती हैं। ऐसे में बालों को धोते समय इन्हें रगड़ना नहीं चाहिए।

### कंडीशनर का इस तरह करें इस्तेमाल

बालों को धोने के बाद अगर आप कंडीशनर का इस्तेमाल करती हैं तो कंडीशनर को बालों को शैंपू से धोने के 5 मिनट के बाद इस्तेमाल करें। वहीं कंडीशनर को स्कैल्प पर न लगाएं इसे बालों पर अप्लाई करें। अगर आप कंडीशनर को स्कैल्प पर अप्लाई करती हैं तो बालों के टूटने की समस्या शुरू हो सकती है।

### पानी के तापमान का रखें ध्यान



बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि पानी न ज्यादा गर्म हो न ही ज्यादा ठंडा हो। वहीं इसके लिए आप पानी के तापमान का ध्यान रखें। वहीं बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### बालों को धोते समय इस बात का रखें ध्यान

अगर आप बालों पर हेयर मास्क या किसी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रही हैं तो वहीं ये उपाय बालों को धोने से आधे घंटे पहले करें। वहीं पहले आप साफ पानी से बालों पर अप्लाई किया हुआ पेस्ट साफ करें। इसके बाद ही आप बालों पर शैंपू अप्लाई करें।

## पार्टी में नजर आना चाहती हैं सबसे खास, तो ये बॉडीकॉन मैक्सी ड्रेस पहनें




पार्टी में पहनने के लिए महिलाएं बेस्ट आउटफिट की तलाश में होती हैं। बाजार में आपको पार्टी में पहनने के लिए कई सारे आउटफिट मिल जाएंगे लेकिन अगर आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप बॉडीकॉन मैक्सी ड्रेस वियर कर सकती हैं।

### वेलवेट बॉडीकॉन मैक्सी ड्रेस

यह ड्रेस पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। यह ड्रेस हॉल्टर नेक वाले डिजाइन और वेलवेट में है। इस ड्रेस के साथ आप हील्स पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में कुंडल इस ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस आप 1000 से लेकर 1500 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।



### स्लीवलेस बॉडीकॉन मैक्सी पार्टी ड्रेस

अगर आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की स्लीवलेस बॉडीकॉन मैक्सी ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। वहीं इस ड्रेस के साथ फुटवियर में हील्स या सिंपल फ्लैट्स पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप इस ड्रेस के लॉन्ग इयरिंग्स पहन सकती हैं।



### पफ स्लीवलेस मैक्सी पार्टी ड्रेस

यह ड्रेस भी पार्टी के दौरान वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस आपको कई सारे कलर में मिल जाएगी जिसे आप सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। वहीं इस ड्रेस में स्टाइलिश नजर आने के आप इस ड्रेस के हिसाब से फुटवियर का चुनाव यह ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन 1500 की कीमत में खरीद सकती हैं।

## फैल जाता है आंखों में लगा काजल तो सुधारने फॉलो करें इन टिप्स को

मेकअप करने के लिए आपको सही तकनीक को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप इन्टरनेट की सहायता ले सकती हैं और नए-नए मेकअप लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। अब चाहे किसी पार्टी में जाना हो या रोजाना ऑफिस, मेकअप तो हम रोजाना ही करते हैं। वहीं रोजाना की बात करें तो हैवी मेकअप हम चाहे न करें लेकिन हल्का-फुल्का मेकअप तो करना बनता ही है। हल्के-फुल्के मेकअप में काजल और लिपस्टिक को लगाना हम ज्यादातर पसंद करते हैं। अक्सर आंखों में लगा काजल फैल जाता है और आपके लुक को बिगाड़ देता है। कई बार तो हम इसी कारण भी काजल नहीं लगाते हैं। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे टिप्स जिसे फॉलो कर आप आसानी से आंखों में लगे काजल को फैलने से बचा सकती हैं और अपने मेकअप लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़ी कुछ और भी काम आने वाली टिप्स।



कंसीलर और पाउडर से कैसे सेट करें काजल? आंखों में लगा काजल फ्रेश नजर आए और फैले नहीं। इसके लिए आप काजल लगाने से पहले अपनी ऊँगली की टिप पर थोड़ा स कंसीलर और लूज पाउडर को लें। इसके बाद आप दोनों को मिक्स करके आंखों के नीचले हिस्से पर लगा लें। दोनों को मिक्स करके लगाने के बाद आपब्यूटी ब्लेंडरकी मदद से इसे ब्लेंड कर लें।ब्लेंड करने के लिए आप हल्के हाथों के दबाव का इस्तेमाल करें। इसके बाद आप इसे लूज पाउडर की मदद से सेट कर लें। सेट करने के बाद आप आंखों की वॉटर लाइन पर आसानी से काजल लगा सकती हैं।

### किस तरह का चुनें बेस्ट काजल?

आंखों में लगे काजल को फैलने से बचाने के लिए आप सबसे पतली टिप वाले काजल पेन या पेंसिल का इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रहे कि काजल या कोई भीमेकअप प्रोडक्टआप लोकल ब्रांड का न खरीदें बल्कि किसी अच्छी ब्रांड वाले प्रोडक्ट को ही चुनें।

## सावन में साड़ी के साथ ट्राई करें हरे रंग की ये खास झुमकी-बाली

साड़ी लुक में जान डालने के लिए आप हरे रंग की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। यह कलर लगभग हर तरह के कपड़ों के साथ में मैच आसानी से हो जाता है। सावन का महिना शुरू होने वाला है। इन दिनों में भगवान शिव की पूजा कर शादीशुदा से लेकर कुंवारी लडकियां व्रत रखती हैं। सावन में अक्सर हम साड़ी पहनना पसंद करते हैं। इसमें हरे रंग का महत्त्व बहुत अधिक है।

### बाली डिजाइन इयररिंग्स

बाली डिजाइन खासकर गोल चेहरे पर खूबसूरत लुक देने का काम करता है। इस तरह के बाली डिजाइन इयररिंग्स में आपको मीनाकारी वर्क देखने में मिल जाएगा। इस तरह के इयररिंग्स के साथ में आप हैवी लुक पाने के लिए बड़े साइज की झुमकी वाले इयररिंग्स भी खरीद सकती हैं।

### हैवी झुमकी डिजाइन

झुमकी डिजाइन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है। वहीं इसमें आपको अलग-अलग तरह के वर्क और



साइज देखने को मिल सकते हैं। मॉडर्न से लेकर ट्रेडिशनल स्टाइल की साड़ी तक के साथ में आप कानों में झुमकी पहन सकती हैं। इसका डिजाइन और साइज आप अपने चेहरे के आकार के हिसाब से चुनें।

### पर्ल डिजाइन इयररिंग्स

हरे रंग के साथ में आप मोती वाले डिजाइन के इयररिंग्स पहनना चाहती हैं तो इस तरह के हैवी लुक देने वाले खूबसूरत इयररिंग्स को पहन सकती हैं। इसमें आपको दो कलर कॉम्बिनेशन वाले भी ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे।

**कार्नर न्यूज**

### मौसम के हिसाब से अपना लुक बदलने में नहीं होनी चाहिए कोई हिचक

## बारिश में फैशनेबल दिखने के लिए पुरुषों को अपनाना चाहिए स्टाइल टिप्स

*बारिश का मौसम आ गया है, जिसका मतलब है कि आपको मौसम के हिसाब से अपने लुक को बदलने की जरूरत है और साथ ही स्टाइलिश भी दिखना होगा। आप कुछ जरूरी टिप्स आजमा कर आसानी से ऐसा कर सकते हैं।*

### हमारे पर का पालन करें

बारिश के मौसम के लिए कपड़े पहनना आसान नहीं है और यह जानना हमेशा मददगार होता है कि मौसम के हिसाब से अपने कपड़ों को कैसे स्टाइल किया जाए। डिज़ाइनर चारुमति मुरली बताती हैं कि इस मौसम में बिना किसी परेशानी के सबसे अच्छा दिखने के लिए कुछ स्टाइलिंग टिप्स अपना कर आप फैशनेबल बने रह सकते हैं।



### लेयरिंग जरूरी

मौसम के लिए सबसे महत्वपूर्ण नियम यह जानना है कि किस तरह से लेयरिंग करनी है। लेयरिंग के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि आप अपने आउटफिट को मौसम के हिसाब से बदल सकते हैं, चाहे मौसम कितना भी गर्म, ठंडा या गीला क्यों न हो। आराम और सहजता के लिए डेनिम जॉगर्स या एक्टिफ़ डेनिम की एक जोड़ी के साथ स्पोर्टी एथलीज़र ट्रेंड को अपनाएँ।

### सभी तरह से शॉर्ट्स

आदर्श रूप से, डेनिम शॉर्ट्स और चिनोस कीचड़ के दाग और बारिश के छींटों को रोकने के लिए सबसे अच्छे काम करते हैं। जीवंत चिनोस और प्रिंटेड शॉर्ट्स और टीज़ पहनकर ग्रे दिनों में रंग भर दें। इसे प्लेन व्हाइट शर्ट, चेक या वॉश-आउट डेनिम शर्ट के साथ पहनें और एक आरामदायक वाइब पाएँ। टी-शर्ट और टैंक स्टाइलिश दिखने का एक शानदार तरीका है और आप अपनी अलमारी में



### नमी को रोकें

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके कपड़े नमी वाले मौसम में भी सुरक्षित रहें, एक आसान टिप यह है कि अपनी अलमारी के लिए एयर डी-ह्यूमिडिफ़ायर का एक सेट खरीदें। चूँकि सुखाने से उतना प्रभाव नहीं पड़ता, इसलिए अपने डेनिम को बार-बार धोने से बचें, क्योंकि इससे रेशे कमज़ोर हो जाते हैं।